Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 111 | बुधवार, 23 अप्रैल -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## हैवानियत

## कर्नाटक, महाराष्ट्र के अधिकांश पर्यटक

## सेना और पुलिस की वर्दी में पहुंचे आंतकी

# पहलगाम में आतंकियो ने पहचान और धर्म पूछकर 26 लोगों को मारा

गृह मंत्री अमित शाह प्रधानमंत्री से बातचीत के बाद सीधे श्रीनगर पहुंच चुके हैं। वहां वह उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ बैठक कर रहे हैं। इस बैठक में सुरक्षा से जुड़े तमाम बड़े अधिकारी भी मौजूद है। वही एंटी टेरर ऑपरेशन भी शुरू किया जा चुका है।

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए गए कायराना हमले में 26 लोगों के मारे जाने की खबर है। इसके साथ ही कई लोग घायल है जिन्हें जिला अस्पताल और श्रीनगर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। यह खबर अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स से आ रही है। सूत्र लगातार इस बात का दावा कर रहे हैं कि इस हमले में 26 पर्यटकों की मौत हुई है। सूत्रों का यह भी दावा है कि इन 26 में से 16 की पहचान की जा चुकी है। वही महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि राज्य के दो लोगों की इस हमले में मौत हुई है। कर्नाटक से सांसद तेजस्वी सूर्य ने कहा कि उनके राज्य से एक लोग की मृत्यु की पुष्टि हुई है। हालांकि प्रभासाक्षी मौत के आंकड़ों की पुष्टि नहीं कर रहा है। इसी बीच गृह मंत्री अमित शाह प्रधानमंत्री से बातचीत के बाद सीधे श्रीनगर पहुंच चुके हैं। वहां वह उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ बैठक कर रहे हैं। इस बैठक में सुरक्षा से जुड़े तमाम बड़े अधिकारी भी मौजूद है। वही एंटी टेरर ऑपरेशन भी शुरू किया जा चुका है। आतंकवादियों की लगातार तलाश की जा रही है। वहीं भारत पहुंचे अमेरिका के उपराष्ट्रपति ने इस हमले पर दुख जताया है। नई दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहरों में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। लगातार सुरक्षा बढ़ा दी गई है। रक्षा अधिकारी ने बताया कि कोच्चि में तैनात भारतीय नौसेना के एक अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल (26 वर्ष) छुट्टी पर थे और पहलगाम हमले में शहीद हो गए। वे हरियाणा के मूल निवासी हैं और 16 अप्रैल को उनकी शादी हुई थी। सऊदी अरब की राजकीय यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए कहा कि दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा तथा आतंकवाद से लड़ने का भारत का संकल्प अडिग है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूँ। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएँ।

**लश्कर से जुड़े टीआरएफ ने ली जिम्मेदारी**

**सदी का सबसे दर्दनाक दृश्य...**



**05**

आतंकवादियों के वारदात में शामिल होने का अंदेशा जताया गया

**02**

विदेशी पर्यटक मारे गए, इनमें एक यूएई और दूसरा नेपाल का था



## पीएम मोदी-अमेरिकी राष्ट्रपति ने फोन पर की बात

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर हुई बातचीत के दौरान आतंकवाद के खिलाफ पूरी ताकत से लड़ाई करने को लेकर सहमति बनी। ट्रंप ने भारत को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया है। पीएम मोदी ने ट्रंप के समर्थन के लिए आभार प्रकट किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बात की है।

उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका के समर्थन को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को धन्यवाद दिया। सरकार के सूत्रों ने बताया कि अमेरिकी समर्थन के लिए धन्यवाद देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत इस कायरतापूर्ण और जघन्य आतंकवादी हमले के अपराधियों और आतंक के समर्थकों को दंडित करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। राष्ट्रपति ट्रंप ने पहलगाम के बायसरन में हुए आतंकी हमले की निंदा भी की। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस जघन्य कृत्य के दोषियों को दंडित करने की कार्रवाई में भारत को पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया है। ट्रंप ने जोर देकर कहा कि अमेरिका इस कठिन समय में भारत के साथ खड़ा है और हर संभव सहायता करने को भी तैयार है। राष्ट्रपति ट्रंप से पहले भी कई वैश्विक नेताओं ने भी इस आतंकी वारदात की कड़ी निंदा की।

**आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साथ का वादा**

## सऊदी अरब का दौरा बीच में छोड़ लौट रहे पीएम मोदी



नई दिल्ली।

पहले उनका कल रात वापस आने का कार्यक्रम था, लेकिन अब वे बुधवार सुबह जल्दी भारत पहुंचेंगे। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस घटना पर अपना दुख व्यक्त किया है। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सऊदी अरब द्वारा आयोजित आधिकारिक रात्रिभोज में भाग नहीं लिया और अपनी यात्रा को छोटा करने का फैसला किया है। वे आज रात भारत के लिए रवाना होंगे। पहले उनका कल रात वापस आने का कार्यक्रम था, लेकिन अब वे बुधवार सुबह जल्दी भारत पहुंचेंगे। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस घटना पर अपना दुख व्यक्त किया है। डोनाल्ड ट्रंप ने एक पर लिखा, ₹कश्मीर से बहुत परेशान करने वाली खबर आई है। आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ अमेरिका मजबूती से खड़ा है।






## अमित शाह ने श्रीनगर पहुंचकर खुद संभाला मोर्चा

नई दिल्ली।

अमित शाह श्रीनगर के लिए रवाना होने वाले हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले से दुखी हूँ। मेरी संवेदनाएँ मृतकों के परिजनों के साथ हैं। इस जघन्य आतंकी हमले में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा और हम दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देंगे। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में एक रिसॉर्ट में मंगलवार को आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में कम से कम एक पर्यटक की मौत हो गई और 12-13 लोग घायल बताए जा रहे हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की कि सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस पहलगाम पर्यटन शहर के बैसरन मैदान में गोलीबारी की आवाज सुनने के बाद पहुंच गई है।



## संपादक की कलम से

# व्हाइट हाउस का घेराव


ललित शर्मा
संपादक

अमरीका में राष्ट्रपति आवास ह्यव्हाइट हाउसह्न का घेराव किया गया है। यह वाकई चौंका देने वाली, दुर्लभ घटना है। यह अमरीका में नागरिक आंदोलन की पराकाष्ठा है और राष्ट्रपति ट्रंप के सत्तावादी रवैये का घोर विरोध है। वैसे अमरीका में ही प्रदर्शनकारियों ने ह्यकैपिटल भवनह्न (संसद) पर हमला बोल दिया था। उसके भीतर घुस कर जबरदस्त तोड़-फोड़ की थी। उस प्रकरण में ट्रंप को ह्यखलनायकह्न करार दिया गया था, क्योंकि वह विपक्ष में थे और जो बाइडेन देश के राष्ट्रपति थे। अब अमरीका के सभी 50 राज्यों में 50 विरोध-प्रदर्शन किए जा रहे हैं, लेकिन आंदोलन एक ही है, लिहाजा उसे ह्य50501ह्न नाम दिया गया है। ट्रंप जनवरी, 2025 में ही अमरीका के राष्ट्रपति चुने गए। सिर्फ तीन माह में ही जनता का सामूहिक विरोध और मोहभंग के भाव स्पष्ट होने लगे हैं। बेशक यह आश्चर्यजनक है। इसके कई कारण हो सकते हैं। समझ नहीं आ रहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप इस कार्यकाल के दौरान क्या करना और क्या हासिल करना चाहते हैं? उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ, विश्व स्वास्थ्य संगठन, विश्व व्यापार संगठन आदि अंतरराष्ट्रीय महत्व के संस्थानों की ह्यआर्थिक मददह्न पर पाबंदी लगा दी। यही नहीं, हार्वर्ड विश्वविद्यालय की 2.3 अरब डॉलर की फंडिंग पर विराम लगा दिया। दलील दी गई कि यह विश्वविद्यालय वामपंथी और विघटनकारी छात्रों की नस्लें तैयार कर रहा है। अमरीका ही नहीं, दुनिया भर में बौद्धिक संपदा के निर्माण में इस शैक्षिक संस्थान का अमूल्य तथा अप्रतिम योगदान रहा है। शायद राष्ट्रपति ट्रंप को यह तथ्य ब्रीफ नहीं किया गया कि अमरीका के 16 राष्ट्रपति (ट्रंप नहीं) हार्वर्ड के ही छात्र थे और सबसे अधिक 161 नोबेल पुरस्कार विजेता भी इसी विश्वविद्यालय ने दिए हैं। सवाल अमरीकी राष्ट्रपति से किए जाते रहे हैं कि जिन्हें अमरीकी प्रशासन परंपरागत रूप से वित्तपोषित करता रहा है, उनकी आर्थिक मदद छीन कर क्या होगा? क्या राष्ट्रपति ट्रंप अपने निर्णय पर प्रायश्चित करने की मुद्रा में हैं? कमोबेश कोई भी संगठन, संस्थान या यूनिवर्सिटी इस तरह बंद नहीं होते। अचरज जताया जा रहा है कि ट्रंप ने जो ह्यटैरिफ नीतिह्न घोषित की थी और साझा कारोबार करने वाले प्रमुख देशों पर कर का बोझ लाद दिया था, क्या उससे अमरीका में नई फैक्टरियां खुलेंगी अथवा अमरीका अधिक समृद्ध देश बनेगा और महंगाई, बेरोजगारी की समस्याएं कम होंगी? इसके अलावा, राष्ट्रपति के खास सलाहकार, दुनिया के सर्वोच्च उद्योगपति एलन मस्क ने जिस योजना के तहत सरकारी नौकरियां छीनने की कवायद की है, क्या उससे अमरीका में सामाजिक सुरक्षा मजबूत और व्यापक होगी? अमरीका नागरिक स्वतंत्रता, वैचारिक स्वतंत्रता, मानवाधिकार, लोकतंत्र, सामाजिक सुरक्षा सरीखे मूल्यों की बुनियाद पर टिका है। इन मूल्यों के लिए वहां कई सार्वजनिक संघर्ष किए गए हैं। अब प्रदर्शन के दौरान बैनर-पोस्टरों पर लिखा है-ट्रंप को अल सल्वाडोर की जेल में डिपोर्ट कर दिया जाए। राष्ट्रपति पर नागरिक स्वतंत्रता और कानून के शासन को कमजोर करने के आरोप लगाए जा रहे हैं। व्हाइट हाउस के अलावा मस्क की टेस्ला कार के शोरूम का भी घेराव किया जा रहा है।

# राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अनमोल योगदान




देश की आजादी के संघर्ष के दौर से लेकर आजाद भारत तक में भी चंद राजनेताओं के क्षणिक राजनैतिक स्वार्थों को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व उसके निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा में लगे हुए स्वयंसेवक हमेशा से ऐसे लोगों के निशाने पर रहे हैं। मां भारती के सपूत स्वतंत्रता सेनानी डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने जंगें आजादी के दौर में विजयदशमी के पावन पर्व के दिन 27 सितंबर 1925 को महाराष्ट्र के नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना देश, संस्कृति व समाज हित के कार्यों को करने के उद्देश्य से की थी। इस संकल्प के चलते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना काल से लेकर के आज तक देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय ढांचे को मजबूत करने में निरंतर लगा हुआ है। वैसे निष्पक्ष रूप से देखा जाए तो आरएसएस के द्वारा किए गए कार्यों ने करोड़ों लोगों के जीवन को बेहतर बनाते हुए गुलामी की जंजीरों को तोड़ कर के आजाद हुए भारत देश के निर्माण में पूरी निष्ठा व ईमानदारी से सकारात्मक योगदान देने का कार्य किया है। अपने शीर्ष नेतृत्व के सशक्त राष्ट्र, सभ्य समृद्धशाली समाज निर्माण के ओजस्वी विचारों के चलते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का राष्ट्र निर्माण व सनातन धर्म की रक्षा करने में अनमोल योगदान रहा है। जिस योगदान को हम लोग आज भी देश के विभिन्न क्षेत्रों में आसानी से देख सकते हैं। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए आरएसएस ने देश में सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्तरों पर दिन-रात एकजुट होकर के काम किया है।

हालांकि देश की आजादी के संघर्ष के दौर से लेकर आजाद भारत तक में भी चंद राजनेताओं के क्षणिक राजनैतिक स्वार्थों को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व उसके निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा में लगे हुए स्वयंसेवक हमेशा से ऐसे लोगों के निशाने पर रहे हैं। ऐसी स्थिति के चलते ही राष्ट्र की आजादी व सशक्त राष्ट्र निर्माण की यात्रा में संघ के स्वयंसेवकों के अनमोल योगदान को दशकों तक सत्ता व सिस्टम में बैठे कुछ लोगों द्वारा अनदेखा किया गया। देश के चंद राजनेताओं ने धर्म विशेष के लोगों को खुश करने के लिए और केंद्र व राज्यों की सत्ता की कुर्सी हथियाने के लिए ओछी राजनीति करते हुए देश व दुनिया में संघ को बदनाम करने के लिए दुष्प्रचार करने का कार्य तक भी किया है और यह सब आज भी उनके अनुयायियों के द्वारा जारी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में कुछ राजनेताओं के द्वारा पैदा की गयी नकारात्मक स्थिति के बाद भी संघ के द्वारा निस्वार्थ भाव से कार्य करना हमेशा जारी रखा गया है। संघ के राष्ट्र निर्माण व समाज के लिए पूरी तरह से निस्वार्थ भाव से समर्पित स्वयंसेवकों की टोली ने कभी भी इस तरह की हालात की परवाह ना करते हुए, राष्ट्र व समाज हित के लिए अपना कार्य हमेशा निस्वार्थ भाव से करना जारी रखा और कभी भी संघ के इन स्वयंसेवकों ने इन कार्यों का श्रेय लेने तक का भी प्रयास नहीं किया है। हालांकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामने राजनीतिक पूर्वाग्रह से ग्रस्त सरकारों के दौर में शासन व प्रशासन के द्वारा बार-बार विकट स्थिति उत्पन्न करने के बावजूद संघ के स्वयंसेवकों ने कभी भी हिम्मत नहीं हारी, उन्होंने कभी भी राष्ट्र व समाज की सेवा करने के कार्यों को करने से मूंह नहीं मोड़ा, विपरीत से विपरीत स्थिति के बावजूद भी स्वयंसेवक निरंतर देश व समाज के हित के कार्य करने में लगे रहे। निष्पक्ष रूप से देखा जाए तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ हुए इस भेदभाव के चलते, लोगों को जंगें आजादी व उसके बाद के दौर में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के निस्वार्थ भाव से देशहित में दिए गए अनमोल योगदान के बारे में कोई ज्यादा जानकारी नहीं है। उसके उल्ट राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में लोगों को गलत तथ्यों के आधार पर आधी-अधूरी जानकारी देकर के कुछ नेताओं व संगठनों के द्वारा संघ की छवि को बट्टा लगाते हुए अपने हितों को साधने का कार्य निरंतर किया गया है। हालांकि सोशल मीडिया के इस दौर ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में लोगों के बीच में जिज्ञासा पैदा करने का काम किया और आम लोगों के बीच संघ के बारे में पैदा की गयी गलत धारणाओं को सच्चाई के दम पर काफी हद तक समाप्त करने का कार्य किया है। सोशल मीडिया के माध्यम से अब देश व दुनिया के आम लोगों को भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा किए गए समय-समय पर राष्ट्र व समाज हित के कार्यों की जानकारी आसानी से मिलने लगी है। लोगों को पता चलने लगा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने स्थापना काल के दौर से ही राष्ट्र निर्माण, एकता और सांस्कृतिक जागरण के दीप को प्रज्ज्वलित करते हुए समाज को संगठित करने और सांस्कृतिक गौरव बढ़ाने पर जोर दिया है। जंगें आजादी के दौर में संघ ने जहां लोगों को राष्ट्रभक्ति के भाव से ओतप्रोत करने का कार्य बखूबी किया था, वहीं आजाद भारत में संघ ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के प्रयास करते हुए एकता और आत्मविश्वास को बढ़ाने का कार्य निरंतर किया है। देश के दूरदराज इलाकों तक में भी अपनी 55000 शाखाओं व करोड़ों स्वयंसेवकों के माध्यम से पहुंच कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने देश के युवाओं के एक बहुत बड़े वर्ग को अनुशासन में रहना सिखाते हुए, उनमें नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का कार्य बखूबी किया है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुछ कार्यों की बानगी देखें तो जंगें आजादी के दौर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में योगदान देते हुए, समाज में राष्ट्रीय चेतना के भाव को जागृत करने का काम बखूबी किया था। जिसके चलते ही संघ के स्वयंसेवकों ने निस्वार्थ भाव से देश के स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलनों में हिस्सा लेने का कार्य किया। संघ ने वर्ष 1947 में देश के विभाजन के दौरान पाकिस्तान से आए हुए विस्थापितों की बढ़-चढ़कर के सहायता करते हुए, उन लोगों के जान-माल की सुरक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का कार्य किया। संघ के स्वयंसेवकों ने अपनी जान की परवाह ना करते हुए महामारी के दौर में लोगों की बढ़-चढ़कर के मदद करने का कार्य हमेशा से ही किया है। संघ युद्ध के हालातों में भी माँ भारती के वीर सपूतों के साथ जंग के मैदान में निस्वार्थ भाव से हमेशा खड़ा नजर आया है। संघ के स्वयंसेवकों की टोली अपने अनुशासन व ट्रेनिंग के दम पर ही तो देश में सामाजिक सेवा और आपदा प्रबंधन के कार्य में बढ़-चढ़कर के हिस्सा लेती आयी है। संघ व उसके अन्य सहयोगी संगठनों ने समय-समय पर देश के विभिन्न हिस्सों में आयी प्राकृतिक आपदाओं (भूकंप, बाढ़, अग्निकांड, चक्रवाती तूफान आदि), युद्ध और अन्य राष्ट्रीय संकटों के समय हमेशा राहत व बचाव के कार्यों में बढ़-चढ़कर के सक्रिय भूमिका निभाने का कार्य किया है। आज के व्यवसायिक दौर में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हुए विभिन्न संगठन जैसे विद्या भारती, सेवा भारती जैसे संगठन शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में कार्यरत हैं। विद्या भारती जैसे संघ के संगठनों ने भारतीय संस्कृति और मूल्यों पर आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने का कार्य पूरे देश में चला रखा है।

देश में हजारों स्कूलों के माध्यम से लाखों छात्रों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा निरंतर प्रदान की जा रही है। शिक्षा के माध्यम से नैतिकता, देशभक्ति और सामाजिक समरसता जैसे मूल्यों को युवा पीढ़ी में स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है।


अशोक पटेल

## धरती हर पीरा म कलपत हे

कविता

धरती हर पीरा म कलपत हे अउ करत हावय पुकार
कोई काबर नई सुनत हे एहर लगावत हावय गुहार
निछावत हे रोज दिन ग, एकर चुन्दी-मुड़ी के सिंगार
डोंगरी,पहाड़,रुखराई ह सिरागे,दिखत हावय उजाड़

जंगल से मंगल होथे, पर अब होवत हावय अमंगल
कोंन दिन कोंन रात, हरियाली सिरावत हे पल-पल
ललियात हे धरती ह, मुरझावत हावय जम्मो जंगल
मौसम ह कलकलावत हे,धरती म होवत हे हलचल

रुखराई हे त जिनगानी हे,इही ह आय हमर आधार
एकर बिना हवा पानी नई मिलय, करलव ए विचार
धरती के सेवा करव,झन करव न अब्बड़ अत्याचार
धरती के राखव लाज, नही त ए जिनगी हे अंधियार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# पुस्तकें कल्पवृक्ष भी है और कामधेनु भी है


ललित गर्ग



विश्व पुस्तक दिवस जिसे विश्व पुस्तक कॉपीराइट दिवस भी कहा जाता है, पुस्तक-संस्कृति को बल देने और पढ़ने की प्रवृत्ति के आनंद को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाने वाला एक विश्व उत्सव है। हर साल 23 अप्रैल को दुनिया भर में पुस्तकों के दायरे को पहचानने, उसे प्रोत्साहन देने एवं दुनिया को जोड़ने के लिए पुस्तक उत्सव अतीत और भविष्य के बीच एक कड़ी, पीढ़ियों और संस्कृतियों के बीच एक पुल है। इस अवसर पर, यूनेस्को और पुस्तक उद्योग के तीन प्रमुख क्षेत्रों - प्रकाशक, पुस्तक विक्रेता और पुस्तकालयों का प्रतिनिधित्व करने वाले अंतर्राष्ट्रीय संगठन, अपने स्वयं के प्रयासों के माध्यम से, दिवस के उत्सवों की प्रेरणा को बनाए रखने के लिए एक वर्ष के लिए विश्व पुस्तक राजधानी का चयन करते हैं। किताबें, अपने सभी रूपों में, हमें सीखने और खुद को सशक्त रखने का मौका देती हैं। वे हमारा मनोरंजन भी करती हैं और हमें दुनिया को समझने में मदद करती हैं, साथ ही दूसरों की दुनिया में झांकने का मौका भी देती हैं। इस दिवस की 2025 की थीम है ह्यअपने तरीके से पढ़ेंह्न, यह थीम सभी आयु वर्ग के लोगों विशेषतः बच्चों को अपनी रुचि के अनुसार किताबें चुनने और पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है। इसका उद्देश्य बच्चों को पढ़ने में आनंद आने का अनुभव कराना और उनकी पढ़ने की आदत को मजबूत बनाना है।

23 अप्रैल विश्व साहित्य में एक प्रतीकात्मक तिथि है। इस दिन कई विश्वप्रसिद्ध लेखकों का जन्मदिवस या पुण्यतिथि होती है। विलियम शेक्सपियर, मिगुएल डे सर्वेंट्स और जोसेप प्लाया का इसी दिन निधन हुआ था, जबकि मैनुएल मेजिया वल्लेजो और मौरिस ड्रून इसी दिन पैदा हुए थे। यूनेस्कों ने 23 अप्रैल 1995 को इस दिवस को मनाने की शुरूआत की थी। पैरिस में यूनेस्को की एक आमसभा में फैसला लिया गया था कि दुनियाभर के लेखकों का सम्मान करने, उनको श्रद्धांजली देने और किताबों के प्रति रुचि जागृत करने के लिए इस दिवस को मनाया जाएगा। पुस्तकों को ज्ञान का बाग भी कहा जाता है। यदि कोई इन पुस्तकों से सच्ची दोस्ती कर ले तो यकीन मानिए उसे जीवन भर का ज्ञान और हर समस्या का समाधान कुछ ही समय में मिल जाता है। समस्याओं एवं परेशानी के दौर में पुस्तक दोस्ती का पूरा फर्ज निभाती हैं। पुस्तक का महत्व सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक है, किसी भी युग या आंधी में उसका महत्व कम नहीं हो सकता, इंटरनेट जैसी अनेक आंधियां आयेगी, लेकिन पुस्तक संस्कृति हर आंधी में अपनी उपयोगिता एवं प्रासंगिकता को बनाये रख सकेगी। क्योंकि पुस्तकें पढ़ने का कोई एक लाभ नहीं होता। पुस्तकें मानसिक रूप से मजबूत बनाती हैं तथा सोचने समझने के दायरे को बढ़ाती हैं। किताबों का अस्तित्व खत्म नहीं हो सकता। आधुनिकता की बात करें तो भी यह बात हर वक्त संभव नहीं कि किताबों के स्थान पर लैपटॉप आदि से पढ़ा जाए। पुस्तक या किताब लिखित या मुद्रित पेजों के संग्रह को कहते हैं। पुस्तकें ज्ञान का भण्डार हैं। पुस्तकें हमारी दुष्ट वृत्तियों से सुरक्षा करती हैं और सकारात्मक सोच को निर्मित करती है। अच्छी पुस्तकें पास होने पर उन्हें मित्रों की कमी नहीं खटकती है वरन वे जितना पुस्तकों का अध्ययन करते हैं पुस्तकें उन्हें उतनी ही उपयोगी मित्र के समान महसूस होती हैं। पुस्तकें एक तरह से जाग्रत देवता हैं उनका अध्ययन मनन और चिंतन कर उनसे तत्काल लाभ प्राप्त किया जा सकता है। तकनीक ने भले ज्ञान के क्षेत्र में क्रांति ला दी है, पर पुस्तकें आज भी विचारों के आदान-प्रदान का सबसे सशक्त माध्यम हैं। महात्मा गाँधी को महान बनाने में गीता, टालस्टाय और थोरो का भरपूर योगदान था। प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी को विश्व ख्याति दिलाने में पुस्तकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, यही कारण है कि उन्होंने पुस्तक संस्कृति को जीवंत करने का अभिनव उपक्रम ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम में अनेक बार किया। पुस्तकों में जीवन का रहस्यमय एवं रोमांचक संसार है। इसलिये पुस्तक संस्कृति को प्रोत्साहन देकर ही हम उन्नत संस्कार, संसार एवं सृष्टि का निर्माण कर सकेंगे। किताबों में ही किताबों के बारे में जो लिखा है वह भी बहुत उल्लेखनीय और विचारोत्तेजक है। मसलन टोनी मोरिसन ने लिखा है- कोई ऐसी पुस्तक जो आप दिल से पढ़ना चाहते हैं, लेकिन जो लिखी न गई हो, तो आपको चाहिए कि आप ही इसे जरूर लिखें। शिक्षाविद चार्ल्स विलियम इलियट ने कहा कि पुस्तके मित्रों में सबसे शांत व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्धिमान होती हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान तथा श्रेष्ठ होती हैं। निःसंदेह पुस्तकें ज्ञानार्जन करने, मार्गदर्शन एवं परामर्श देने में में विशेष भूमिका निभाती है। नरेन्द्र मोदी प्रयोगधर्मा एवं सृजनकर्मा राजनायक हैं, तभी उन्होंने उपहार में ह्यबुके नहीं बुकह्न यानी किताब देने की बात कही। सत्साहित्य में तोप, टैंक और एटम से भी कई गुणा अधिक ताकत होती है। अणुअस्त्र की शक्ति का उपयोग ध्वंसात्मक ही होता है, पर सत्साहित्य मानव-मूल्यों में आस्था पैदा करके स्वस्थ एवं शांतिपूर्ण समाज की संरचना करती है।

इसी से सकारात्मक परिवर्तन होता है जो सत्ता एवं कानून से होने वाले परिवर्तन से अधिक स्थायी होता है। यही कारण है कि मोदीजी भारत को बदलने में सत्साहित्य की निर्णायक भूमिका को स्वीकारते हैं। पुस्तकें चरित्र निर्माण का सर्वोत्तम साधन हैं। उत्तम विचारों से युक्त पुस्तकों के प्रचार और प्रसार से राष्ट्र के युवा कर्णधारों को नई दिशा दी जा सकती है। देश की एकता और अखंडता का पाठ पढ़ाया जा सकता है और एक सबल राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। पुस्तकें प्रेरणा की भंडार होती हैं उन्हें पढ़कर जीवन में कुछ महान कर्म करने की भावना जागती है।

# पेंशन आधार सीडिंग व यूसीसी पंजीकरण में तेजी लाएं : जिलाधिकारी

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता,जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों के आधार कार्ड सीडिंग और यूसीसी पंजीकरण की प्रगति की वर्चुअल माध्यम से समीक्षा की। उन्होंने दोनों कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के सख्त निर्देश दिए, जिसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी भटगांई ने समीक्षा बैठक के दौरान खंड विकास अधिकारियों, लीड बैंक अधिकारी और ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि वृद्धावस्था, दिव्यांग, विधवा आदि पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों के आधार सीडिंग का कार्य अगले सात दिनों के भीतर हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने जोर दिया कि सरकार की योजनाओं का लाभ सभी पेंशनर्स को समय पर मिल सके, इसके लिए इस दिशा में तेजी से काम करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बिल्कुल भी क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने प्रबंधक इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक को भी निर्देश दिए कि सामान्य डाकघरों में संचालित लाभार्थियों के खातों को एक सप्ताह के भीतर विशेष अभियान चलाकर इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के खातों में परिवर्तित कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि आधार कार्ड सीडिंग कार्य की नियमित निगरानी करते हुए पेंशन प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की आधार सीडिंग शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आधार सीडिंग होने से लाभार्थियों को जहां समय से सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा, वहीं पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता भी बनी रहेगी। इस कार्य को समयबद्धता से पूरा करने के लिए उन्होंने समाज कल्याण विभाग के साथ ही ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की है। समीक्षा बैठक में यूसीसी पंजीकरण की प्रगति पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने यूसीसी पंजीकरण में तेजी लाने के लिए राजस्व विभाग की टीम, खंड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी और नगर निकायों के अधिकारियों को युद्ध स्तर पर पंजीकरण में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने इसे एक अभियान के तौर पर लेते हुए नगर निकायों में वार्डवार और ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत व न्याय पंचायत स्तर पर रोस्टर निर्धारित कर शिविर लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों को नियमित निगरानी करते हुए प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर अभियान के तौर पर यूसीसी पंजीकरण में तेजी लाने को कहा। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि जिन स्थानों पर शिविर लग चुके हैं, वहां पर भी रोस्टर के अनुसार पुनः शिविर लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने इस कार्य में भी किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त न करने की चेतावनी दी। इस दौरान समाज कल्याण अधिकारी जसमीत कौर, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर रोहित बहुगुणा सहित वर्चुअल माध्यम से लीड बैंक अधिकारी, खंड विकास अधिकारी और सभी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी जुड़े रहे।

# अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर फायर सेफ्टी एवं पृथ्वी दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया



**वेलकम इंडिया/चरब सिंह**

**बरेली।** अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीबीगंज में फायर सेफ्टी प्लेज ली गई एवं विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मरीजों तथा कर्मचारियों द्वारा आग से बचाव के उपायों को अपनाने का संकल्प लिया गया, इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता ने बताया कि आज कल के बदलते पर्यावरण में लगातार गर्मी बढ़ती चली जा रही है जिसका मुख्य कारण वृक्षारोपण न होना है जिस कारण पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ता चला जा रहा है यदि हम अभी नहीं समझ पाए तो हम अपनी आने वाली पीढ़ी को सिवाय प्रदूषित पर्यावरण के अलावा कुछ भी नहीं दे पाएंगे, इसलिए हमे अपनी पृथ्वी को हरा भर बनाने के लिए वृक्षारोपण करना बहुत ही जरूरी है। हमे किसी के जन्मदिन या अन्य अवसरों पर उपहार स्वरूप एक पेड़ देना चाहिए और बताना चाहिए कि हमे इस वृक्ष को लगातार बढ़ाना है एवं मुरझाने नहीं देना है ताकि हमारे साथ साथ पेड़ भी बढ़ता रहे और बड़ा होकर हमे छांव दे सके क्योंकि हमारी अपनी संतान दिखा दे सकती है लेकिन एक पेड़ हमेशा बड़ा होकर हमे छांव ही देगा, इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर आए मरीजों को निशुल्क पौधे वितरण किए इसी क्रम में चल रहे फायर सेफ्टी प्लेज को भी सभी मरीजों को पढ़कर सुनाया एवं उस पर अमल करने के लिए प्रेरित किया गया एवं बताया गया कि हमे आग लगने की स्थिति में क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों तथा मरीजों में आग से बचाव एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है इस अवसर पर हिरदेश कुमार मनमोहन सिंह सरिता कुमारी श्रवण कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

## उत्तराखंड सरकार की ई-सर्विस बेबसाईट न चलने से लोग परेशान



**वेलकम इंडिया**

**गरुड़।** उत्तराखंड सरकार की ई-सर्विस बेबसाईट न चलने से लोग परेशान हैं। जिससे लोगों के यूसीसी में पंजीकरण नहीं हो पा रहे हैं। अन्य प्रमाण पत्र भी नहीं बन पा रहे हैं। लोगों ने शीघ्र बेबसाईट को दुरस्त करने की मांग की है। गत 18 अप्रैल से उत्तराखंड सरकार की ई-सर्विस की बेबसाईट बंद है। जिससे लोग यूसीसी में पंजीकरण नहीं करा पा रहे हैं, साथ ही लोगों ने स्थायी, जाति, आय व अन्य प्रमाण पत्र भी नहीं बन पा रहे हैं। कॉमन सर्विस सेंटर ( सीएससी) के संचालक भी खासे परेशान हैं। बेबसाईट खुलने के इंतजार में लोग सीएससी सेंटरों में घंटों बैठे रह रहे हैं। जिससे उनके समय की बबार्दी हो रही है।

# यह शोभा यात्रा बहुत ही भव्य और विशाल होगी : महामंडलेश्वर श्री ज्ञानानंद जी

**वेलकम इंडिया**



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** शोभायात्रा बलदेव नगर से भगवान श्री परशुराम गौशाला गांव खतौली नारायणगढ़ रोड अंबाला तक निकाली जा रही है यह शक्ति प्रदर्शन यात्रा रामनवमी श्री हनुमान जन्मोत्सव एवं भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में निकाली जा रही है इस शोभायात्रा में सनातन धर्म के सभी महापुरुषों की झांकियां होगी जिससे सनातन धर्म में एकता का संदेश मिलेगा और सनातन धर्म मेंजातिवाद को लेकर गलत ब्यानबाजी करने वालों को करारा जवाब मिलेगा इस शोभायात्रा मेंशामिल 36 बिरादरी सनातन धर्म की एकजुटता एवं अखंडता का बेहतरीन समावेश दिखाएगी, सनातन धर्म की सभी इकाइयों द्वारा संगठित इस शोभायात्रा मे इलाके के सभी गणमान्य लोग अपनी उपस्थिति दर्ज करायेगे यह शोभायात्रा बहुत ही भव्य और विशाल होगी इस शोभा यात्रा का शुभारंभ महामंडलेश्वर श्री ज्ञानानंद जी महाराज के करकमलो द्वारा किया जाएगा इसलिए अवसर पर सर्व सनातनी समाज आपने भाईचारे का बेहतरीन नमूना पेश करेंगे देवीलाल लाल ने कहा समाज को नशा मुक्त, गोक्शी मुक्त, भ्ष्टार्चार मुक्त, किसी भी समाजिक बुराई से मुक्त के साथ साथ किसी भी प्रकार के असंवैधानिक एवं जिहाद के खिलाफ विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें लव जिहाद मुक्त भू माफिया मुक्त नशा मुक्त गोकशी मुक्त जातिवाद मुक्त और भ्रष्टाचार मुक्त बनाए जा सके इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष शीशपाल मोर संगठन मंत्री संत शरण वर्मा, मुकेश शर्मा,राजेश शर्मा,सतीश शर्मा नरेंद्र, , मुकेश भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

## महिला की हत्या की घटना में संलिप्त 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जें से घटना में प्रयुक्त थार कार बरामद



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर दिनांक 21.04.2025 की रात्रि में थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सुनहेरा में दो पक्षों के विवाद में प्रथम पक्ष के प्रयान्शु व अतुल द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर द्वितीय पक्ष के चार व्यक्तियों पर जान से मारने की नियत से काले रंग की थार को तेज गति से चलाकर हमला कर देने की घटना हुई थी। जिसमें द्वितीय पक्ष की शीला पत्नी सोनपाल सिंह निवासी ग्राम सुनहेरा थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर की मृत्यु हो गयी थी तथा अन्य तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये थे। जिसके सम्बंध में थाना कोतवाली देहात पर मुअसं-267/25 धारा 191(2)/191(3)/190/109(1)/103 (1) /351(3) बीएनएस व 3(2)श एससी/एसटी एक्ट पंजीकृत किया गया था। उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्त प्रयान्शु व अतुल को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया तथा निशादेही पर हत्या में प्रयुक्त थार कार को बरामद किया गया है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली देहात पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

# डिवाइडर से टकराई चैयरमेन की कार, गंभीर रूप से घायल

**वेलकम इंडिया**



**कांधला।** रात के समय दिल्ली से लौटते समय नगर पालिका के अध्यक्ष की स्कॉर्पियो कार दिल्ली नेशनल हाईवे मार्ग पर डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें पालिका अध्यक्ष सहित कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए शामली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष नजमुल इस्लाम किसी कार्य से गत सोमवार को दिल्ली गए थे। पालिका अध्यक्ष के मुताबिक रात के समय अपने चालक के साथ दिल्ली से वापस कांधला के लिए लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार नेशनल हाईवे मार्ग 709 बी पर पहुंची तो उनकी तेज रफ्तार कार अंधेरे में मार्ग के डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें पालिका अध्यक्ष सहित चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व अन्य लोगों ने पालिका अध्यक्ष को घायल अवस्था में शामली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पालिका अध्यक्ष की कार एक्सीडेंट की सूचना से नगर में हड़कंप मच गया। पालिका अध्यक्ष के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए समर्थकों की भीड़ आवास पर एकत्रित हो गई। वहीं डॉक्टरों ने घायल पालिका अध्यक्ष को भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया है। परिजनों के अनुसार पालिका अध्यक्ष हाजी नजमुल इस्लाम की हालत में सुधार है सुधरे अरुण का उपचार जारी है।

## बुलंदशहर में ससुर की हत्या.बहू और प्रेमी ने दिया घटना को अंजाम

**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर** में एक बार फिर हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां पुत्रवधू को प्रेमी संग आपत्तिजनक स्थिति में देखने पर पुत्रवधू और प्रेमी ने मिलकर ससुर की हत्या कर दी। सूचना मिलने ही मौके पर पहुंची पुलिस अब मामले की जांच पड़ताल में जुटी है

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से हत्या का एक अलग ही मामला सामने आया है। यहां एक ससुर को उसकी ही पुत्रवधु ने मौत के घाट उतार दिया। इसमें उसका साथ उसके प्रेमी ने दिया। हत्याकांड का कारण महिला को प्रेमी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखना बताया जा रहा है। ससुर ने जब बहू और उसके प्रेमी को एक साथ देखा तो उन्हें लगा कि अब खेल सामने आ जाएगा। ऐसे में उन्होंने हत्या की साजिश रच डाली। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची। पुलिस ने केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी हैजानकारी के अनुसार, बुलंदशहर के डिबाई थाना क्षेत्र के नगर के मोहल्ला चौधरी खेल में निवासी मुरारी लाल पुत्र राजवीर सिंह ने घटना के बारे में थाना पुलिस को जानकारी दी। पुलिस को बताया कि 21 अप्रैल देर शाम पिता राजवीर सिंह (उम्र 60 वर्ष) अपने घर पहुंचे थे। घर पर पहले से मौजूद युवक पवन पुत्र प्यारेलाल निवासी ग्राम उमराारा मौजूद था।मुरारी लाल ने कहा कि पवन अक्सर घर आता-जाता रहता था।

## बाबासाहेब के जीवन काल पर कार्यक्रम आयोजित


**वेलकम इंडिया**



**कांधला।** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांधला में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में चल रहे 15 दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष व्याख्यान का आयोजन सद्भावना कल्चरल क्लब के अंतर्गत किया गया। इस दौरान डॉ रामायण राम ने छात्राओं को डॉ भीमराव अंबेडकर के लेखन' के विषय में मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार बाबा साहेब ने जाति व्यवस्था की प्रथा के बीच रहकर अनेक संघर्षों के बीच में देश विदेश में अपना अध्ययन पूर्ण किया। उनका लेखन हमें उनकी विस्तृत विचारधारा के विषय में अवगत कराता है। उन्होनें महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक उत्थान हेतु अनेक आधुनिक विचारधारा सम्बन्धी प्रयासों की शुरूआत की। उनके लेखन का भारतीय समाज में अतुलनीय स्थान है।उन्हें दलित अधिकारों, सामाजिक न्याय और समानता के लिए प्रेरणा के रूप में देखा जाता है। उन्होंने कानून, अर्थशास्त्र, धर्म, और सामाजिक मुद्दों पर लिखा। बाबा साहेब की प्रमुख पुस्तकें एनीहिलेशन ऑफ कास्ट (जाति का विनाश),बुद्ध एंड हिज धम्म (बुद्ध और उनका धर्म),द अनटचेबलः हू आर दे एंड. व्हाय दे हैव बिकम अनटचेबल्स (अछूतः वे कौन हैं और वे अछूत क्यों बने) आदि में जाति-आधारित भेदभाव के खिलाफ उनके तर्क, बुद्ध धर्म व दर्शन, अस्पृश्यता के सामाजिक और आर्थिक कारणों का विश्लेषण किया गया है।

# एनसीईआरटी की किताबें लागू कराना स्कूलों के लिए चुनौती से कम नही

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**






**बरेली।** नई शिक्षा नीति के तहत स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबों से पठन पाठन कराने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन जिले के विद्यालयों में इसका अनुपालन नहीं हो पा रहा। जिले के तमाम विद्यालय ऐसे हैं जिनमे नई शिक्षा नीति की अनदेखी की जा रही है, वहीं अधिकारियों की और से इस और कोई विशेष ध्यान नहीं दिए जाने से अभिभावकों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। जिले के लगभग हर मोहल्ले में एक न एक निजी विद्यालय जरूर ही संचालित हो रहा हैं। जिले के इन्ही निजी विद्यालयों में लाखों बच्चे अध्ययनरत हैं। शासन की और से नई शिक्षा नीति के तहत सभी विद्यालगों में एनसीईआरटी की पुस्तकें लागू करने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन तमाम निजी स्कूल संचालकों की और से निजी प्रकाशकों से गठजोड़ करके महंगी किताबें चलावाई जा रही हैं, जिससे उनको मोटा कमीशन प्राप्त हो सके। बताया जाता है कि एनसीईआरटी की किताबों का सेट नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक 600 से 700 रुपये में मिल सकता है, जबकि निजी स्कूलों में यह 3000 से 4500 सौ रुपये तक में बिक रहा है और अभिभावक खरीदने को मजबूर हैं।

# अवैध रूप से काटी गई दो कॉलोनियों पर चला प्राधिकरण का पीला पंजा

**वेलकम इंडिया**



**कांधला।** नगर में विकास प्राधिकरण की टीम ने पहुंचकर अवैध रूप से काटी जा रही दो कॉलोनियों पर जेसीबी मशीन चलाकर अवैध निर्माण कार्यो को ध्वस्त कर कॉलोनी स्वामियों के विरुद्ध नोटिस जारी किया एवं चेतावनी दी कि अगर दोबारा से अवैध रूप से निर्माण किया तो उनके विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी। विकास प्राधिकरण के द्वारा की गई कार्रवाई से अवैध रूप से प्लाटिंग कर रहे भूमाफियाओं में हड़कंप मचा रहा। नगर एवं क्षेत्र में भूमाफियाओं ने अपना जाल बिछा रखा है भूमाफियाओं के द्वारा अवैध रूप से कालोनी काटी जा रही है। मंगलवार को मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कांधला क्षेत्र प्रभारी कविता मीना के निर्देश पर पहुंची विकास प्राधिकरण की टीम ने क्षेत्र के मोहल्ला खेल तालाब वाले मंदिर के निकट कब्रिस्तान वाली सड़क पर अवैध रूप से काटी गई पांच बीघा कॉलोनी पर चल रहे अवैध निर्माण पर जेसीबी मशीन चलकर निर्माण कार्य को ध्वस्त किया एवं कॉलोनी स्वामी के विरुद्ध नोटिस जारी किया। इसके बाद विकास प्राधिकरण की टीम कस्बे के बाईपास मार्ग पर पहुंची और टीम के द्वारा बताया गया कि कई महा पूर्व कस्बे के पुराने पीएनबी के समीप रहने वाले फारुख सिद्दीकी ने 12 बीघा भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिंग कर उस पर निर्माण कार्य किया था।

# डीजीपी गौरव यादव ने फरीदकोट में साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन और मोगा में स्मार्ट पुलिस कंट्रोल रूम का किया उद्घाटन

वेलकम इंडिया

**चंडीगढ़/फरीदकोट/मोगा** -मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के अनुसार मजबूत पुलिस बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए, डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने राज्य में चल रही नशा विरोधी 'युद्ध नशों विरुद्ध'' मुहिम की समीक्षा करने के लिए आज फरीदकोट और मोगा का दौरा किया और इस दौरान दोनों जिलों में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। डीजीपी ने फरीदकोट में तीन परियोजनाओं का उद्घाटन किया है जिसमें अति-आधुनिक साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, हाई-टेक उपकरणों से लैस कॉन्फ्रेंस हॉल और 250 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता वाला एक ब्रीफिंग हॉल शामिल है, जबकि मोगा जिले में भविष्योन्मुखी स्मार्ट पुलिस कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया गया है। इस मौके पर



डीजीपी के साथ डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीआईजी) फरीदकोट रेंज अश्वनी कपूर भी मौजूद थे। फरीदकोट में मीडिया से बातचीत करते हुए डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि उन्नत डिजिटल फॉरेंसिक उपकरणों से लैस इस साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन को ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, पहचान चोरी (आइडेंटिटी थेफ्ट) और साइबर धोखाधड़ी से निपटने के लिए स्थापित किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि फरीदकोट पुलिस द्वारा पहले ही 260 खोए हुए मोबाइल फोन मालिकों को वापस किए गए हैं और साइबर धोखाधड़ी पीड़ितों को 90 लाख रुपये वापस कर चुकी है। युद्ध नशों विरुद्ध मुहिम को बड़े पैमाने पर सफल बनाने के लिए फरीदकोट पुलिस के असाधारण प्रयासों की सराहना करते हुए, डीजीपी ने कहा कि फरीदकोट पुलिस ने जनता के सहयोग से कुशल फॉलो-अप सिस्टम विकसित किया है और 1 मार्च, 2025 को इस विशेष मुहिम की शुरूआत के बाद 300 से अधिक नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। फरीदकोट वह जिला है जहां पंजाब सरकार की सेफ पंजाब एंटी-ड्रग हेल्पलाइन '9779100200' के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए सबसे अधिक एफआईआर दर्ज की गई हैं। फरीदकोट पुलिस द्वारा आयोजित 'वड्डा खाना' (दोपहर का भोजन) के दौरान डीजीपी शामिल हुए, जहां सभी रैंकों के अधिकारियों को पुलिस बल के मुखिया के साथ बातचीत करने और विचार साझा करने का मौका मिला, जिससे क्षेत्र में प्रभावशाली टीम वर्क के लिए आवश्यक संबंध मजबूत हुए। सीनियर सुपरडेंडेंट ऑफ पुलिस (एसएसपी) फरीदकोट डॉ. प्रज्ञा जैन ने डीजीपी को बताया कि ' युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम के तहत फरीदकोट पुलिस ने 150 एफआईआर दर्ज करके 300 से अधिक नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है और 4.7 किलो हेरोइन, 3 किलो अफीम, 130 किलो भुक्की, 3.83 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। उन्होंने आगे कहा कि एनडीपीएस की धारा 68 एफ के तहत 5 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति फ्रीज की गई है जिससे जिला फरीदकोट में ड्रग नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है।

डीजीपी ने ?युद्ध नशों विरुद्ध? के तहत जनसंपर्क के दौरान फरीदकोट के निवासियों से भी बातचीत की और नशों के विरुद्ध लड़ाई में उनके सहयोग की मांग की। मोगा में, डीजीपी गौरव यादव ने स्मार्ट पुलिस कंट्रोल रूम का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह सुविधा अति-आधुनिक निगरानी प्रणालियों और उन्नत निगरानी तकनीकों से लैस है, जो अपराध रोकथाम में वृद्धि करेगी, संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी करेगी और आपराधिक तत्वों को प्रभावशाली ढंग से ढूंढने में सहायता करेगी।

# पृथ्वी सिर्फ इंसानों के लिए ही नहीं, बल्कि सभी जीवों के लिए जीवनदायिनी : सोनल

वेलकम इंडिया



**सेवापुरी।** विकासखंड क्षेत्र के जीवरामपुर स्थित पीपीएस काशी स्कूल ऑफ लर्निंग में मंगलवार को पृथ्वी दिवस के अवसर पर स्कूल प्रांगण में वृक्षारोपण के साथ साफ सफाई का आयोजन किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य सोनम सिंह ने बताया कि पृथ्वी एकमात्र ऐसा गृह है, जहां जीवन संभव है। ये हमारे जीवन का आधार हैं। पृथ्वी पर वायु,जल,मिट्टी,सूर्य का प्रकाश और अनुकूल तापमान समेत जीवन जीने के लिए सभी जरूरी प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध हैं। पृथ्वी केवल इंसानों के लिए ही नहीं, बल्कि सभी जीवों के लिए जीवनदायिनी है। हालांकि वक्त के साथ सभी जरूरी प्राकृतिक संसाधनों का दोहन इतना ज्यादा हो रहा है कि एक ऐसा वक्त भी आ सकता है जब सभी संसाधन खत्म हो सकते हैं। कॉलेज की प्रधानाचार्य सोनल सिंह ने कहा कि समय रहते लोग नहीं चेते तो संसाधनों के बिना पृथ्वी पर जीवित रहना मुश्किल हो जाएगा। इस गंभीर समस्या को हल करने के लिए प्रकृति प्रदत्त चीजों का संरक्षण करने की आवश्यकता है। प्रधानाचार्य सोनल ने बताया कि धरती के संरक्षण से जुड़े इस दिवस को मनाने की शुरूआत 1970 में हुई थी। सबसे पहले अमेरिकी सीनेटर गेलॉर्ड नेल्सन ने पर्यावरण की शिक्षा के तौर पर इस दिन की शुरूआत की। एक साल पहले 1969 में कैलिफोर्निया के सांता बारबरा में तेल रिसाव की वजह से त्रासदी हो गई। इस हादसे में कई लोग आहत हुए और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करने का फैसला लिया ग या। इसके बाद नेल्सन के आह्वान पर 22 अप्रैल को लगभग दो करोड़ अमेरिकियों ने पृथ्वी दिवस पहली बार मनाया। पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्रधानाचार्य सोनल के नेतृत्व में कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण के साथ साफ सफाई का अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में बच्चों को पर्यावरण से संबंधित जानकारी भी दी गई।

# मैसेज अशोक लीलैंड ने चमकाई 100 डिप्लोमा धारी की किस्मत

वेलकम इंडिया

**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ** दिल्ली रोड स्थित संस्थाडी एन पॉलिटेक्निक में अध्यनरत अंतिम वर्ष के मैकेनिक एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्र/छात्राओं को रोजगार देने हेतु आटोमोबाइल के क्षेत्र में देश की प्रतिष्ठित कंपनी अशोक लीलैंड लिमिटेड रूद्रपुर उत्तराखंड की तरफ से शिव कुमार हैंड प्रोजेक्ट एवं अन्य टीम सदस्य लिखित परीक्षा लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार हेतु संस्था में उपस्थित हुए।



संस्था के प्रधानाचार्य डॉ वीरेंद्र आर्य द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों को बुके देकर किया गया। इसअवसर पर नरेंद्र कुमार विभाग अध्यक्ष इलेक्ट्रिकल शिव कुमार आशीष , रमाकांत, बृजेश कर्णवाल सुशील कुमार एवं अन्य शैक्षिक स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। संस्था के मल्टीपरपज हॉल में उपस्थित छात्राओं से कंपनी के प्रतिनिधियों ने संवाद कर कंपनी के कार्यों वेतन एवं पॉलिसी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के उपरांत कुल मिलाकर 100 छात्र/छात्राओं को चयनित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में सुखदेव शर्मा नोडल अधिकारी टी पी ओ, ममता रानी , सौरभ लांबा रामदास रविशंकर आदि का विशेष योगदान रहा।

# संकट मोचन हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भंडारा मे मे पहुंचे एकीकृत ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ।** कुंडा तहसील अन्तर्गत ग्राम कसहर मे भगवान श्री संकट मोचन की प्राण प्रतिष्ठा व भंडारा का ?विशाल आयोजन किया गया । जिसक सुअवसर पर एकीकृत ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी श्री विवेकानंद जी महाराज ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। स्वामी जी सग भाजपा नेता श्री योगेश मिश्रा मौला महराज भाजपा प्रत्याशी कुंडा श्री अखिलेश द्विवेदी वरिष्ठ भाजपा नेता व्यापार श्री मनोज तिवारी तड़ेरा जी युवा भाजपा नेता श्री प्रमोद पांडे कैप्टन भाजपा जिला संयोजक सैनिक प्रकोष्ठ प्रतापगढ़ अशोक मिश्रा भाजपा महामंत्री प्रतापगढ़ जिला श्री हरिओम मिश्रा पूर्व जिला अध्यक्ष प्रतापगढ़ श्री पवन गौतम भाजपा पूर्व प्रत्याशी बाबागंज विधानसभा श्री शिव प्रकाश मिश्रा सेनानी बीजेपी नेता श्री राम विशाल शुक्ला एसबीआई मैनेजर श्री राजू दुबे प्रधान माहिया आशुतोष मिश्रा बीडीसी भावनपुर डॉक्टर राम जी पांडे देव डेंटल क्लिनिक संतोष तिवारी एडवोकेट लवलेश पांडे अयोध्या धाम बृजेश जैसवाल भोपू ग्राम प्रधान कषाहार श्री नंदकुमार मिश्रा कमलाकांत मिश्रा मुख्य सेवक कृष्णकांत मिश्रा मुख्य स्वागत करता पंडित पवन कुमार पांडे एकीकृत ब्राह्मण महासंघ राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं रमाकांत मिश्रा जी के द्वारा सम्मानित किया गया और मंदिर संस्थापक इंद्रकांत मिश्रा पेशकार के सुपुत्र उमाकांत मिश्रा उत्तर प्रदेश सचिवालय के द्वारा इन महानुभावों का आभार प्रकट किया।

# अपने सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करें युवा



वेलकम इंडिया

**गरुड़।** सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय गरुड़ में रोजगार परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रोजगार परामर्श के मुख्य वक्ता हरीश रुहेला ने कहा कि अपने सपनों को साकार करने के लिए युवाओं को कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है।

श्री रुहेला ने वर्तमान में रोजगार के लिए चलाए जा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ अपने स्किल को विकसित करने पर जोर दिया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा. शिवप्रकाश राय ने नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरुप शिक्षा के साथ अपने कौशल विकास पर ध्यान देने को कहा। हिंदी विभाग की प्राध्यापक डा. प्रियंका यादव ने पढ़ाई के साथ व्यक्तित्व विकास की बात कही। संचालन रोजगार परामर्श केंद्र के संयोजक डा. अवधेश तिवारी ने किया।

# शिवानी ने बनाया नशामुक्त भारत के लिए सबसे अच्छा पोस्टर



वेलकम इंडिया

**गरुड़।** सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय गरुड़ में नशामुक्त भारत अभियान के तहत पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस मौके पर शिवानी ने सबसे अच्छा पोस्टर बनाया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए प्रभारी प्राचार्य डा. शिवप्रकाश राय ने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सारे अपराधों की जड़ नशा है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से हमेशा नशे से दूर रहने की अपील की। पोस्टर प्रतियोगिता में शिवानी फर्सवाण, मानवी तिवारी, अंजली पांडे, दीपा आर्या ने बाजी मारी। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संचालन नोडल अधिकारी उर्वशी टम्टा ने किया। निर्णायक मंडल में डा. लता आर्य, शेर राम टम्टा, डा. श्वेता पंत शामिल थे। इस दौरान डा. अवधेश तिवारी, डा. प्रियंका यादव, रोहित पांडे आदि मौजूद थे।

# रजवाहे में पानी नही आने से किसानों को सिचाई करने में आ रही परेशानियां

वेलकम इंडिया

**प्रिंस कुमार राणा, बुलंदशहर ऊंचागांव** : क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर, पाली आनंदगढ़ी, सबदलपुर, कमालपुर व ऊंचागांव के किसानों को रजवाहे में पानी नही आने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पानी के अभाव में हजारों बीघा जमीन बंजर हो रही है। किसानों ने अपना दर्द बयां करते हुए रजवाहे में पानी छोड़े जाने की मांग की है। किसानों का आरोप है कि रजवाहे की सिल्ट सफाई में भ्रष्टाचार होता है। नरसेना क्षेत्र के पाली रघुनाथपुर आनंदगढी, सबदलपुर कमालपुर, ऊंचागांव आदि गांवों के हजारों बीघा खेतों के लिए सिंचाई का एकमात्र साधन रजवाहा ही है। इस रजवाहे में पानी न आने से किसान परेशान हैं। रजवाहे में पानी न आने से किसान जैसे तैसे जुगाड से खेतों की सिंचाई करने को विवश हैं। धान की पौध व रोपाई का समय पीक पर है। इस समय बारिश नहीं हो रही है। सूखे जैसी स्थिति बनी हुई है। ऐसे में किसान पानी के लिए परेशान हैं। अब धान की फसल



लगाने को देखते हुए किसानों के पसीने छूट रहे हैं। किसानों का आरोप है कि भ्रष्टाचार के चलते रजवाहे में पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। शिकायत के बावजूद भी संबंधित आला अधिकारी और जनप्रतिनिधि आंखें मूंदे हुए हैं। जिसकी शिकायत आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह राणा ने मुख्य अभियंता सिंचाई विभाग को पत्र भेजते हुए की है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में किसानों की सिचाई का एकमात्र साधन रजवाहा ही है। जिस कारण किसानों की फसलों की बुआई समय से नही हो पायेगी और ईख की फसल सूखकर नष्ट हो जाएगी। जिसके चलते किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ेगा। उन्होंने रजवाहे में जल्द से जल्द पानी छुड़वाने की मांग की है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों की माने तो रजवाहे पर कार्य तब किया जाता है, या तो आपातकालीन स्थिति हो या फिर जब किसानों को पानी आवश्यकता ना हो तो रजवाहे पर सिल्ट सफाई, पुल की मरम्मत जब कराई जाती हैं लेकिन यहां का अलग ही नजारा है। दो दिन पूर्व छोड़े गए पानी रघुनाथपुर, पाली, कमालपुर, के किसानों की थोड़ी बहुत ही सिंचाई हो पाई है। इस समस्या को लेकर आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह राणा ने मुख्यमंत्री व सिंचाई विभाग के अधिकारियों को मुख्य रूप से अवगत कराया है कि जल्द से जल्द पानी छोड़ने की गुहार लगाई है।

# पत्रकारो के हितो का पूरा ध्यान रखा जाएगा: पवन सिंह

वेलकम इंडिया

प्रयागराज में नेशनल यूनियन ऑफ जनलिस्त प्रयागराज जिला इकाई के अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव के नेतृत्व मे एक प्रतिनिधि मंडल

उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति के सभापति- टछउ पवन सिंह चौहान (सदस्य विधान परिषद) से सर्किट हाउस मे मुलाकात की । एनयूजे पदाधिकारियो ने श्री पवन सिंह जी को बुके भेट कर प्रयागराज आगमन पर स्वागत किया। साथ ही सर्किट हाउस में श्री पवन सिंह जी सभापति तथा एनयूजे प्रयागराज के पदाधिकारियो की बीच एक बैठक सर्किट हाउस मे हुई। इस बैठक मे पत्रकारो के विभिन्न समस्यो से अवगत कराया गया । पत्रकारो के सुरक्षा हमला फर्जी एफआईआर तथा महाकुंभ के दौरान पत्रकारो के विभिन्न परेशानियो को लेकर बैठक मे चर्चा हुई तमाम पत्रकार साथियो से समस्या सुनने के बाद श्री पवन सिंह सभापति ने यह आशवासन दिया की सम्बंधित जिम्मेदार अधिकारियो से वार्ता कर पत्रकारो के



हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। श्री सिंह ने महाकुंभ के दौरान एनयूजे प्रयागराज टीम तथा सभी पत्रकारो को सकारात्मक सहयोग के लिए बधाई और धन्यवाद दिया । बैठक मे कुन्दन श्रीवास्तव अखिलेश शुक्ला राम बाबू चित्रांशी यादव नसीम खान देवाशीष श्रीवास्तव नफीस अहमद अमित श्रीवास्त रवि शंकर पान्डेय आदि उपस्थित थे।

# डीके ठाकुर का ट्रांसफर, भानु भास्कर होंगे मेरठ जोन के एडीजी

**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ।** शासन ने देर रात तीन आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। मेरठ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक डीके ठाकुर को एसएसएफ लखनऊ में तैनात किया गया है। प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर को मेरठ जोन में तैनात किया गया है। संजय मीणा मेडा के नए उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर का प्रयागराज में सवा दो साल का



कार्यकाल पूरा करने के बाद उनका स्थानांतरण मेरठ जोन में हुआ है। एडीजी डीके ठाकुर का कार्यकाल मेरठ में 15 महीने का रहा। अब वह एसएसएफ लखनऊ की जिम्मेदारी संभालेंगे। 1996 बैच के आईपीएस भानु भास्कर मूल रूप से बलिया के रहने वाले हैं। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय और जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी से स्नातक, परास्नातक और एमफिल की पढ़ाई की है। वह लखनऊ, मथुरा, रामपुर, औरैया, बरेली और वाराणसी में बतौर एसएसपी रह चुके हैं। आगरा और फैजाबाद रेंज में डीआईजी रहे। भानु भास्कर ज्वाइंट डायरेक्टर सीबीआई के पद पर भी रह चुके हैं। कई वर्षों तक सीबीआई में तैनात रहे। उसके बाद कानपुर में बतौर एडीजी की तैनाती मिली। वहां से दिसंबर 2022 में प्रयागराज के एडीजी बने। भानु भास्कर ने फोन पर बताया कि अपराधियों पर नकेल कसना प्राथमिकता होगी।

# एसटीएफ ने 10 किलो की चरस के साथ एक महिला व युवक को पकड़ा

**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ।** सोहराब गेट बस अड्डे के पास मंगलवार सुबह लखनऊ एसटीएफ व दिल्ली एनसीबी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 10 किलो की चरस के साथ एक महिला व युवक को पकड़ लिया। पकड़ी गई चरस की कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रुपए है। टीम की कार्रवाई के दौरान स्थानीय पुलिस को भनक तक नहीं लगी। लखनऊ एसटीएफ टीम के दरोगा फैजुद्दीन सिद्दीकी ने बताया कि उन्हें काफी दिनों से सूचना मिल रही थी कि नेपाल के सहारे मेरठ में चरस सप्लाई का व्यापार किया जा रहा है। जिसको लेकर लखनऊ एसटीएफ काफी समय से आरोपियों की घेराबंदी की तैयारी कर रही थी। रविवार रात लखनऊ एसटीएफ को जानकारी मिली कि एक युवक व महिला कप्तानगंज से ट्रेन में सवार होकर मेरठ चरस बेचने के लिए जा रहे हैं। इसके बाद एसटीएफ ने आरोपियों की घेराबंदी शुरू कर दी। पुलिस आरोपियों को मुरादाबाद में पकड़ लेती, लेकिन आरोपी ट्रेन से उतरकर बस के सहारे मेरठ पहुंचे। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों को सोहराब गेट बस अड्डे के पास मंगलवार को धर दबोचा। पुलिस आरोपियों से पूछताछ के बाद अग्रिम कार्रवाई की तैयारी कर रह रही है। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

# ग्रैंड माँ कॉटेज किड्स स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया

वेलकम इंडिया

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** : स्थित ग्रैंड माँ कॉटेज किड्स स्कूल में आज पृथ्वी दिवस मनाया गया, जिसमे विद्यार्थी अपनी वेशभूषा के जरिए पृथ्वी बचाओ, पेड़ लगाओ, पर्यावरण संरक्षण, पानी बचाओ, प्लास्टिक मुक्त अभियान आदि का संदेश देते नजर आए। विद्यालय में आज कई प्रतियागिताओ जैसे पृथ्वी संरक्षण पर कलाकृति बनाने, फैशन शो, आर्ट एंड क्राफ्ट, कविता गायन में बच्चो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चो ने विद्यालय के प्रबंधक राज पाहवा जी के साथ मिलकर पौधा रोपण भी किया, साथ ही प्रबंधक राज पाहवा जी ने बच्चों को पेड़ो के महत्व को समझाते हुए सभी बच्चो से वातावरण के हित में अधिक से अधिक पेड़ लगाने का निवेदन किया, उन्होंने सभी बच्चो से कहा कि बच्चो को अपने जन्मदिन, मातापिता व दादा दादी के जन्मदिन और सालगिरह के अवसर पर एक एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। साथ ही प्राचार्या लवलीन पाहवा जी ने बच्चो को पर्यावरण को सुरक्षित रखने हेतु 5 आर अथवा रीसाइकल, रियूज, रिड्यूस, रिफ्यूज और रिपेयर की महत्वता को समझाते हुए बताया की हमे प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करना चाहिए और रीसायकल के माध्यम को उपयोग में लाना चाहिए। बच्चो ने विभिन्न तरीकों से पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया और निर्देश भी दिया। छोटे छोटे बच्चे पौधा लगाकर अति उत्साहित नजर आए और अपनी धरती माँ की सुरक्षा का प्रण लेते हुए हर दिन पृथ्वी दिवस की तरह मनाने का संदेश देते नजर आए।

इस अवसर पर विद्यालय की अध्यापिकाएँ गुंजन, नूतन, अंजू, नीतू, कुलदीप और अन्य स्टाफ मौजूद रहे।



# चोरी की ट्रॉली व ट्रैक्टर के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर नहटौर।** स्थानीय पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वाहन चोरी के एक मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोरी की गई ट्रॉली व घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर के साथ एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। मोहल्ला मौलवियान निवासी राहुल गोयल पुत्र संजय गोयल ने थाना नहटौर में तहरीर दी थी कि पीर की चुंगी के पास स्थित गैस एजेंसी के निकट खड़ी उसकी ट्रॉली को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है थानाध्यक्ष के निर्देशन में विवेचना शुरू की गई। सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर की सूचना के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया गया।

जांच में जहीन पुत्र हसीनुद्दीन निवासी मोहल्ला लकड़हारान, थाना नहटौर का नाम सामने आया थाना नहटौर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आरोपी जहीन को चोरी की गई ट्रॉली और घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर सहित गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा वृद्धि करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बरामदगी पीड़ित राहुल गोयल की चोरी हुई ट्रॉली वारदात में इस्तेमाल किया गया ट्रैक्टर गिरफ्तार अभियुक्त जहीन पुत्र हसीनुद्दीन, निवासी मोहल्ला लकड़हारान, थाना नहटौर, जनपद बिजनौर गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम उप निरीक्षक अशोक मलिक हेड कांस्टेबल शरद पंवार कांस्टेबल राजदीप पुलिस टीम की इस त्वरित व प्रभावी कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर जनता में विश्वास और भी मजबूत हुआ है। अभियुक्त से पूछताछ जारी है और उसके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

# पौधे पृथ्वी की शान, संरक्षण हमारा दायित्व : बोहरा



वेलकम इंडिया

**बाड़मेर 22 अप्रैल 2025।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर मंगलवार को जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, सांसियों का तला में संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में अलग-अलग किस्म पौधे लगाये गये। और बच्चों को पृथ्वी संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। साथ ही पंछियों की जल सेवा में मिट्टी के परिण्डे वितरित किये गये। संस्थान के जोगेन्द्र वडेरा ने बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस पर मंगलवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सांसियों का तला में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। जन कल्याण संस्थान की ओर से पर्यावरण संरक्षण व जीवदया को लेकर कई कार्यक्रम संचालित किये जा रहे है। पृथ्वी दिवस के अवसर पर संस्थान की ओर से 2500 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि पृथ्वी पर निरन्तर बढ़ राह प्रदुषण मानव जाति के लिए बेहद घातक होने वाला है। ऐसे में हमें समय रहते सजग होना पड़ेगा तथा पर्यावरण संरक्षण की ओर ध्यान होगा। अमन ने कहा कि पौधे पृथ्वी की शान है, इन पौधो का संरक्षण हम सब का नैतिक दायित्व है। और हम अधिक से अधिक पौधारोपण कर परिवेश को स्वच्छ व सुंदर बनाएं।

# हज यात्रिओ के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण और टीकाकरण शिविर का किया आयोजन

वेलकम इंडिया महमूद रजा

**जनपद बिजनौर नगीना।** नगर हज 2025 के लिए हज कमेटी ऑफ इंडिया के निर्देश पर एक दिवसीय प्रशिक्षण और टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया।

मंगलवार को इस्लामी जदीद बैतुलमाल के सौजन्य से जामा मस्जिद नगीना में आयोजित इस शिविर में 50 महिलाएं और 45 पुरुष सहित कुल 95 हज यात्रियों ने हिस्सा लिया। हज ट्रेनर्स ने यात्रियों को हज के अरकान और यात्रा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी प्रतिभागियों का टीकाकरण किया। जिला हज ट्रेनर मोहम्मद आसिफ एडवोकेट ने बताया कि यात्रियों को अपना पासपोर्ट साइज फोटो (सफेद बैकग्राउंड), हज कवर स्टेटस और मेडिकल सर्टिफिकेट साथ लाना आवश्यक था। सीनियर हज ट्रेनर डाक्टर जमील अहमद खान ने कहा कि शिविर में यात्रा के दौरान आने वाली



चुनौतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला हज ट्रेनर इंजीनियर फहद अली खान ने बताया कि जिला बिजनौर से इस वर्ष कुल 572 हाजी हज यात्रा पर जाएंगे। यह प्रशिक्षण शिविर हज कमेटी ऑफ इंडिया के दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य यात्रियों को सुविधाजनक और सुरक्षित यात्रा के लिए तैयार करना था। उन्होंने बताया कि दूसरे शहरों में कारोबार करने वाले कुछ हज यात्रियों ने अपने निकटतम सेंटरों पर प्रशिक्षण लेकर वहीं टीका लगवा लिया है। इस कैंप में पूरे जिले से कुल 95 हाजी और हज्जन आए। इससे पहले जनपद में दो कैंप और आयोजित किए गए थे जिनमें रविवार को एक कैंप बिजनौर में तथा सोमवार को एक कैंप नजीबाबाद में आयोजित किया गया था। इस प्रकार कुल पूरे ज़िले में अब तक कुल 550 हाजियों का प्रशिक्षण व टीकाकरण हो गया है। मुफ्ती अबरार ने बताया कि उनके द्वारा हाजियों को जामा मस्जिद में 19 अप्रैल से प्रतिदिन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कैम्प के आयोजन में परवेज पाशी का बड़ा योगदान रहा है। ज्ञात हो कि इस कैंप को शुरू करवाने के लिए परवेज अहमद उर्फ. पाशी क्षेत्रीय सांसद चंद्रशेखर आजाद के पत्र को लेकर हज कमेटी के सचिव से भी मिले थे। इस मौके पर मुफ्ती ओवैस अकरम, मुफ्ती फहीम अहमद, मुफ्ती अबरार अहमद, फहीम अनवर, परवेज पाशी, डॉ मुजम्मिल अजीम, अनवर महमूद, तंजील आलम, सय्यद उस्मान जैदी, तनवीर अख्तर, हाफिज ?फीक अहमद, मौ अनस, डॉ शेख नगीनवी, मौ अम्मार, मौ अहमद सैफी, अहमद अंसारी, मौ जावेद, परवेज अहमद, मौ आबिद, मौ अदनान, मुफ्ती अब्दुल बाकी, तारिक अंसारी आदि लोग हाजियों की मदद के लिए कैंप में उपस्थित रहे।

# पेंशन में किसी भी कटौती व भेदभाव का विरोध करेंगे पेंशनर्स: योगेन्द्र योगी



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**बिजनौर।** अखिल भारतीय राज्य पेंशनर फेडरेशन के आह्वान पर कलेक्ट बिजनौर में सेवानिवृत्त कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा धरना दिया गया। मंगलवार धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष शिव ध्यान सिंह द्वारा और संचालन देश राज सिंह द्वारा किया गया। धरना में बड़ी संख्या में में सेवानिवृत्त कर्मचारी व शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए अधीनस्थ कृषि सेवा संघ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष योगेन्द्र पाल सिंह योगी ने कहा कि सरकार पेंशनर्स के साथ किसी प्रकार का भेदभाव करने का प्रयास न करें नहीं तो उसे भारी विरोध का सामना करना पड़ेगा।

धरना स्थल पर जाकर माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष गय्यूर आसिफ, मंत्री विनोद कुमार, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष धीरज सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शूरवीर सिंह, चन्द्र हास सिंह प्रान्तीय उपाध्यक्ष अकेला आदि द्वारा अपने अपने संगठनों का समर्थन देते हुए आश्वासन दिया कि हर संघर्ष में उनके संगठन सेवानिवृत्त कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के साथ रहेंगे। धरना उपरांत प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में अतिरिक्त उप जिलाधिकारी द्वारा प्राप्त किया गया उनके द्वारा आश्वासन दिया गया कि शीघ्र ही उनका ज्ञापन प्रधानमंत्री कार्यालय को प्रेषित कर दिया जाएगा। सोपें गये ज्ञापन में वित्त विधेयक 2025 में पेंशनरीं नियमों किये जा रहे बदलावों को निरस्त किया जाये। आठवें वेतन आयोग के गठन की कार्यवाही पूरी की जाये उसमें पेंशन पुनरीक्षण को भी शामिल किया जाए। धरना स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने केन्द्र सरकार द्वारा 25 मार्च को पेश किए गए वित्त विधेयक की निंदा की और चेतावनी दी कि वे पेंशन में किसी भी कटौती व दोहरी व्यवस्था करने के किसी भी प्रयास का पूरी शक्ति के साथ विरोध करेंगे और सड़क पर उतरना पड़ा तो उससे भी गुरेज नहीं करेंगे।

# तहसील गौरीगंज सभागार में दिव्यांग मोबाइल कोर्ट का किया आयोजन

वेलकम इंडिया



**अमेठी।** दिव्यांग जनों की समस्याओं के निराकरण हेतु आज तहसील गौरीगंज के सभागार में उत्तर प्रदेश के राज्य आयुक्त दिव्यांगजन प्रोफेसर हिमांशु शेखर झां की अध्यक्षता में दिव्यांग मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में दिव्यांग जनों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, उपायुक्त दिव्यांगजन शैलेंद्र कुमार सोनकर भी उपस्थित रहे। आज आयोजित इस दिव्यांग मोबाइल कोर्ट में जनपद अमेठी के कुल 74 दिव्यांग जनों ने पहुंच कर राज्य आयुक्त के समक्ष अपनी समस्याएं प्रस्तुत की, दिव्यांग जनों द्वारा उठाई गई प्रमुख समस्याओं जैसे आवास, शौचालय, भूमि विवाद, पुलिस संबंधी कार्यवाही हेतु, पेंशन, मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, बिजली बिल, स्वास्थ्य विभाग संबंधित कुल 105 मामले पंजीकृत कराए गए, सभी मामलों के समाधान के लिए राज्य आयुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जांच कर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही दिव्यांग जनों को आदेश की प्रति भी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर राज्य आयुक्त ने कहा कि यह दिव्यांग मोबाइल कोर्ट दिव्यांग जनों के लिए न्याय की पहुंच को सुगम बनाने की एक महत्वपूर्ण पहल है राज्य आयुक्त की टीम जनपदों में जाकर दिव्यांग जनों की समस्याओं की सुनवाई करती है और मौके पर ही उनका समाधान करने का प्रयास करती है। इस अवसर पर उक्त के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी नरेंद्र कुमार पांडे, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश द्विवेदी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी शैलेंद्र कुमार, सहायक श्रमायुक्त गोविंद यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# रीसायक्लिंग को बढ़ावा देना और पेड़-पौधों को लगाकर धरती को हरा-भरा बनाना है: संजय द्विवेदी

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** मंगलवार को विकास खंड सेमरियावा के एएच एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा में पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूक किया गया। सेमरियावां ब्लाक क्षेत्र के एएच एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा में मंगलवार को पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने कहा कि इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना, प्रदूषण को कम करना, प्राकृतिक संसाधनों की बचत और उचित उपयोग, रीसायक्लिंग को बढ़ावा देना और पेड़-पौधों को लगाकर धरती को हरा-भरा बनाना है। पृथ्वी दिवस को मनाने की शुरूआत का श्रेय अमेरिकी राजनेता और पर्यावरण एक्टिविस्ट सीनेटर जेलार्ड नेल्सन को जाता है।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण को होने वाले नुकसान को पहचानता है और साथ ही पृथ्वी की रक्षा के लिए दुनिया भर में समर्थन दिखाता है। आप इस पृथ्वी दिवस पर अपने सामूहिक और व्यक्तिगत कार्यों के माध्यम से स्थिरता का समर्थन करने के लिए कदम उठा सकते हैं। इस अवसर पर मुहम्मद इश्तियाक अंसारी, फसीहुद्दीन, मुहम्मद यूनुस, कमरे आलम सिद्दीकी, ओबैदुल्लाह, मुहम्मद शाहिद, अब्दुस्सलाम, जुबेर अहमद, मुहम्मद परवेज अख्तर, ओजैर अहमद, जुनेद अहमद, सबीह अहमद, असादुल्लाह, रफी अहमद अंसारी आदि मौजूद रहे। इस दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गयी।

# जिलाधिकारी ने विद्यालय संचालन समय में किया परिवर्तन


वेलकम इंडिया

**सा ंताक बाीर नागार।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निदेर्शानुसार भीषण गर्मी, लू एवं प्रतिदिन तापमान में वृद्धि होने के कारण छात्रहित को देखते हुए जनपद में संचालन कक्षा 01 से कक्षा 08 तक के समस्त परिषदीय विद्यालय/सहायता प्राप्त/मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संचालन का समय दिनांक 23.04.2025 से अग्रिम आदेश तक प्रातः 07.30 बजे से अपरान्ह 12.30 बजे तक निर्धारित कर दिया गया है।

जनपद के सभी संबंधित विद्यालयों को उक्त आदेश का कड़ाई के साथ अनुपालन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# एसपी के निर्देशन में पुलिस ने जिले भर में चौपाल लगाकर महिला बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस।** महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण, संवाद, परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन, आगरा द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ह्लऑपरेशन जागृतिह्व फेज-04 के क्रम मे समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी एवं समस्त थानों की एन्टी रोमियो टीम-महिला बीट आरक्षियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्कूल-कॉलेज एवं अन्य स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर उपस्थित छात्राओं/बालिकाओं व स्कूल स्टॉफ को ऑपरेशन जागृति के उद्देश्यो के बारे में जानकारी देते हुये सुरक्षा सम्बंधी उपायों, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, संचालित कल्याणकारी योजनाओं व साइबर अपराधो से बचाव हेतु किया जागरुक किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारीगण द्वारा महिलाओ-बालिकाओ के साथ घटित अपराधो से बचाव के उपाय के सम्बन्ध में अवगत कराते हुये उनकी रोकथाम व कानूनी प्रक्रिया के तहत विधिक प्रावधान तथा विषम परिस्थितियो में सहायता प्राप्त किये जाने के लिये महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे- यूपी-112 नम्बर, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बूलेन्स सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# मुस्कान के विवाह में डॉ० संदीप ने निभाई बड़े भाई की भूमिका, आजीवन रक्षा का दिया वचन

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** संघर्ष सेवा समिति के माध्यम से डॉ० संदीप विगत कई वर्षों से समाजसेवा के साथ कन्याओं के विवाह में भी सहयोग करते आ रहे हैं संघर्ष सेवा समिति की बढ़ती ख्याति को देखते हुए अब समस्त बुंदेलखंड से लोग आकर संघर्ष सेवा समिति में अपनी समस्या बता रहे हैं। जनपद के हसारी स्थित दाऊ दनगर निवासी मुस्कान जिसके माता-पिता का स्वर्गवास हो चुका है मुस्कान का भाई प्राइवेट नौकरी कर परिवार का जीवन यापन कर रहा है। मुस्कान ने अपने परिवार के साथ आकर डॉ० संदीप को अपनी व्यथा सुनाई, मुस्कान की शादी चंदेरी में तय हुई है। अपने विवाह के दिन मुस्कान संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पहुंची, जहां उसे जनपद के प्रतिष्ठित ब्यूटी पार्लर कलर्स ब्यूटी पार्लर से तैयार कराया गया तत्पश्चात मुस्कान पुनः संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पहुंची जहां डॉ० संदीप द्वारा उपहार के रूप में ट्रॉली बैग, किचन सेट, साड़ी व अन्य उपहार देकर व पैर पखारकर छोटी बहन की तरह विदा किया। इस भावुक भरे पल में मुस्कान ने कहा संघर्ष सेवा समिति की जानकारी मुझे सोशल मीडिया के माध्यम से हुई। मैंने संदीप भईया के समाजसेवी कार्यों को देखते हुए उनके पास आकर अपनी व्यथा सुनाई डॉक्टर संदीप ने विवाह में यथासंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। आज बड़े भाई के रूप में डॉक्टर संदीप को पाकर मन अविभूत हो गया है। माता-पिता के देहांत के बाद आज यहां आकर मुझे अपने परिवार जैसा अनुभव मिला मैं आजीवन संघर्ष सेवा समिति और संदीप भईया से जुड़ी रहूंगी।

# टाण्डा की खराब बिजली व्यवस्था को लेकर चेयरपर्सन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** नगर टाण्डा में इस समय बिजली की हालत बद से बदतर होती जा रही है। भीषण गर्मी में बिजली की भारी कटौती ने आमजन को बुरी तरह परेशान कर दिया है। दिनभर की कटौती और रात में सप्लाई बाधित रहने से नगरवासी त्राहि-त्राहि कर रहे हैं।


इसी समस्या को लेकर नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन साहिबा सरफराज और उनके पति हाजी सरफराज आलम ने मंगलवार को जिलाधिकारी से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नगर को शासनादेश के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की गई है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि टाण्डा नगर जनपद रामपुर का सबसे बड़ा उप नगर है, जिसकी जनसंख्या लगभग एक लाख है। बावजूद इसके यहां विद्युत आपूर्ति शासन के मानकों के अनुरूप नहीं हो पा रही है। नगर की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। एबीसी वायर क्षतिग्रस्त और ट्रांसफॉर्मर ओवरलोड हो चुके हैं। कई मोहल्लों में लाइनें इतनी खराब हैं कि किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है। चेयरपर्सन ने डीएम को बताया कि उनके द्वारा पूर्व में भी कई बार अधिशासी अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता को टाण्डा की विद्युतापूर्ति में सुधार के लिए पत्र दिए जा चुके हैं। लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। रात के समय सप्लाई पूरी तरह से बंद कर दी जाती है और फाल्ट का बहाना बनाया जाता है, जिससे वृद्ध, बीमार और बच्चे बेहाल हैं। मोहल्ला भब्बलपुरी समेत कई क्षेत्रों में फीडर-2 की आपूर्ति बंद होने से लगातार अंधेरा पसरा हुआ है।

ज्ञापन में मांग की गई है कि जर्जर केबिलों को तत्काल बदला जाए, आवश्यकतानुसार नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएं और शासनादेश के अनुसार बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। चेयरपर्सन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया, तो नगरवासी आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी।

# पूर्ण हुई बड़ी बहनजी की अंतिम कक्षा

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** कहते हैं कि जो एक विद्यालय के दरवाजे खोलता है वह हजारों कारागृहों के दरवाजे हमेशा के लिए बंद करता है, ऐसी ही शख्सियत थीं गोवर्धन की भगवान देवी शर्मा ह्यबड़ी बहनजीह्न। भगवान देवी जी का विवाह बड़ा बाजार गोवर्धन में श्रीराम मूर्ति शर्मा से हुआ जो कि मथुरा के जवाहर इंटर कॉलेज में प्रवक्ता थे, श्री राम मूर्ति जी ने जब राष्ट्रीय इंटर कॉलेज गोवर्धन की स्थापना की तो भगवान देवी ने वहां शिक्षण कार्य शुरू किया, कुछ कारणों से उन्होंने वहां से त्यागपत्र दिया और मानसी गंगा स्थित गंगेश्वर महादेव के सामने एक भवन में शिक्षा का कार्य शुरू किया जो कि एक लंबे समय तक चलता रहा। राधा कुंड परिक्रमा स्थित एक टीले पर सन 1970 में कन्याओं की शिक्षा हेतु उन्होंने आदर्श कामिनी शिक्षा निकेतन की स्थापना की जो कि उनके कार्यकाल में इंटर कॉलेज बन गया। बड़ी बहनजी का अनुशासन, कर्मण्यता और समाज को बदलने की ज़िद के आगे सभी नतमस्तक हैं। बड़ी बहनजी का ऐसा अनुशासन था कि आज भी बालिकाएं उनके समय को याद करती हैं और उनके मार्गदर्शन से उनके जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों को उनकी ही कृपा मानती हैं। अगर अनुशासन जैसा कुछ और प्रिय बड़ी बहनजी को था तो वह था प्रकृति से प्रेम जिसका जीता जागता प्रमाण है उनके विद्यालय में लगाए हुए वृक्ष। उनके सहकर्मी, विद्यार्थी और परिवारीजन सभी उनके तप को आज भी याद करते हैं, समय समय पर अपने अंतिम समय तक वह विद्यालय में जाती रहतीं और विद्यालय के कार्यों का जायजा लेती रहतीं। एक बार उनके पालतू कुत्ते का ट्रेनर आया जो कि 2झ3 दिन बाद ही अक्षमता दर्शाते हुए लौटने लगा तो बड़ी बहनजी ने डॉग ट्रेनर को कहा कि हमने तो अच्छे अच्छे लोगों को पढ़ा दिया तुम अभी से हार मान गए, इसे कम से कम मैट्रिक तो पढ़ा दो, विज्ञान न सही कला वर्ग के ही विषय पढ़ा दो लेकिन ऐसे बीच में इसकी शिक्षा न छोड़ो। उन्होंने बालिकाओं को सिर्फ शिक्षा ही नहीं खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि में भी हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया और स्वयं छात्राओं को साथ लेकर जिला स्तर और प्रदेश स्तर तक की प्रतियोगिताओं में भाग दिलवाया। भगवान देवी का संघर्ष शिक्षा के साथ राजनीति में भी रहा वह नगर पंचायत की मनोनीत सभासद रहीं, और 2 बार अध्यक्ष पद की भी दावेदारी की जिसमें उन्हें जनमानस का भरपूर साथ मिला। आज वह जब भगवान के श्री चरणों में पहुंच चुकी हैं तो उनका भरा पूरा परिवार उनके देखे सपनों को आगे बढ़ाने में कार्यरत है। उनका खरा और उच्च व्यक्तित्व गोवर्धन वासियों को हमेशा याद आएगा।

# गंगा आरती में शामिल हुई भोजपुरी गायिका देवी



वेलकम इंडिया

पूणानंद घाट, जानकीपुल में विश्व प्रसिद्ध प्रथम महिला गंगा आरती में भोजपुरी गायिका देवी ने गंगा आरती की। आरती के बाद उन्होंने घाट पर अपने सुरों का जादू बिखेरा। भोजपुरी गायिका देवी ने कहा कि देवी ने कहा कि उन्हें ऋषिकेश में गंगा आरती करने में बहुत खुशी मिलती है यहां आकर प्रसन्नता हो रही है। ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिओम शर्मा ज्ञानी ने बताया कि गायिका देवी के भोजपुरी लोकगीत से लेकर देवी गीत और विवाह गीत दर्शकों के दिलों पर राज करते हैं। वे भोजपुरी, हिंदी, मैथिली और मगही जैसे भाषाओं में 75 से अधिक एल्बम में गा चुकी हैं। कुएं का ठंडा पानी परवल बेचे जाईब भागलपुरश ओ गोरी चोरी-चोरी परदेसिया-परदेसिया पिया बंसिया बजावे आधी रतिया दिल तुझे पुकारे आजा अंगुरी में डसले बिया नगिनिया ने भी जमकर धमाल मचाया। मुख्य रूप से गंगा आरती में पुष्पा शर्मा, आशा डंग, बंदना नेगी, गायत्री देवी, पूनम रावत प्रमिला, आदि ने गंगा आरती की।

# भारत-भूटान के मध्य अमिट हैं सांस्कृतिक रिश्ते

वेलकम इंडिया




**मथुरा/वृंदावन।** गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी खवृंदावन के सभागार में सुप्रसिद्ध लेखिका डॉ. शुभदा पाण्डेय की कृति पन्नाई यादों का कल्पतरु : भूटान का लोकार्पण किया गया। यह पुस्तक भारत-भूटान के सांस्कृतिक संबंधों पर केन्द्रित है, जिसमें लेखिका ने अपने व्यक्तिगत यात्रा अनुभवों और सांस्कृतिक शोध को कलात्मक भाषा में प्रस्तुत किया है। अध्यक्षता शिक्षाविद् एवं संस्थापक कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार शर्मा ने की। मंच पर ब्रज लोक कला केन्द्र के अध्यक्ष विष्णु प्रकाश गोयल, केन्द्र के सचिव दीपक गोयल, सुप्रसिद्ध भजन गायक विहारी शरण जी महाराज, अवकाश प्राप्त डीआईओएस डा. एस.पी. गोस्वामी, विदेश मंत्रालय में अवर सचिव रह चुके श्री महेश चंद्र शर्मा ने विचार व्यक्त किए।

गीता शोध संस्थान के निर्देशक दिनेश खन्ना व ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ डा. उमेश चंद शर्मा और मंचस्थ अतिथियों ने लेखिका डा सुभदा पाडेय और आरसीए महाविद्यालय की प्राचार्य डा प्रीति जौहरी को सम्मानित किया। लेखिका डॉ. शुभदा पाण्डेय ने कहा कि यह पुस्तक भूटान की संस्कृति, साहित्य, त्यौहारों और परंपराओं को आत्मीय दृष्टि से प्रस्तुत करती है। भूटान की की शांति व लोक-संस्कारों के अनुभव कल्पतरु की तरह बिखरे हैं। भूटान न केवल भारत का पड़ोसी देश है, बल्कि आत्मिक और सांस्कृतिक निकटता का प्रतीक भी है। दोनों देशों के ऐतिहासिक रिश्ते शिक्षा केन्द्रों तक फैले हैं। मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार शर्मा ने लेखिका के सांस्कृतिक दृष्टिकोण और भूटान की यात्राओं को विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि शुभदा जी ने भूटान जैसे शांतिप्रिय और आध्यात्मिक राष्ट्र की यात्रा करके वहां की संस्कृति को जिस सूक्ष्मता से आत्मसात किया और फिर साहित्यिक रूप में प्रस्तुत किया, वह अनुकरणीय है। यह पुस्तक आने वाली पीढ़ियों के लिए भारत-भूटान संबंधों की एक जीवंत झांकी प्रस्तुत करती है। इस अवसर पर भागवत वक्ता मोहनी कृष्ण दासी ने भारत-भूटान के आध्यात्मिक संबंधों एवं वृंदावन की महिमा पर आधारित एक मार्मिक कविता का पाठ किया। उन्होंने कहा कि वृंदावन में गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी द्वारा गीता का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके द्वारा रासलीला संरक्षण के प्रयास से इस परंपरा को निश्चित ही नवजीवन मिलेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। वंदना और बांसुरी वादन की मधुर प्रस्तुति भी दी गयी। संचालन गीता शोध संस्थान के कोर्डिनेटर चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने किया।

# गोवा प्रदेश में धर्मांतरण पर रोक लगनी चाहिए : पंडित नवीन गौड़

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** विश्व हिंदू परिषद अखिल भारतीय प्रचार-प्रसार मंत्री पंडित नवीन गौड़ ने गोवा प्रदेश में हो रहे निरंतर धर्मांतरण को लेकर वहां के मुख्यमंत्री डॉक्टर प्रमोद सावंत से चिंता जताई। डॉक्टर प्रमोद सावंत ने कहा कि इस विषय को लेकर वह भी काफी चिंतित हैं। उन्होंने विश्व हिंदू परिषद अखिल भारतीय प्रचार-प्रसार मंत्री पंडित नवीन गौड़ को आश्वासन दिया कि वह इस विषय पर बहुत ही गंभीरता के साथ ध्यान देंगे एवं किए जा रहे धर्मांतरण के मामलों पर नकेल कसी जाएगी। पंडित नवीन गौड़ ने कहा कि देश एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बाद भी अगर धर्मांतरण हो रहा है तो यह बात चिंता करने योग्य है एवं हिंदू सनातन को शर्मसार करने वाली बात है। तत्काल प्रभाव से धर्मांतरण को गोवा प्रदेश में प्रतिबंधित करना चाहिए। जो भी व्यक्ति इस प्रकार के कृत्यों को करता हुआ पाया जाए उस पर कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। धर्मांतरण को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पंडित नवीन गौड़ ने कहा कि जिन हिंदू भाई बहनों का धर्मांतरण हुआ है उनका परावर्तन कराकर उनकी पुनः हिंदू धर्म में घर वापसी होनी चाहिए। गोवा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर प्रमोद सावंत को भेंट स्वरूप शाश्वत हिंदू पुस्तक दी।

# पुलिस ने युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्व दवन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना बेलहरकला उ0नि0 अनुज कुमार यादव, हे0का0 राजीव यादव, का0 संतोष चौहान, का0 गोपाल ठाकुर ने मु0अ0स0 103/2025 धारा 137(2), 87 बीएनएस थाना बेलहरकला जनपद संतकबीरनगर के मामले में वांछित अभियुक्त विकाश पुत्र मोहन निषाद निवासी कानापार थाना बखिरा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि वादी द्वारा दिनांक 20.04.2025 को थाना बेलहरकला पर वादी की पुत्री को उपरोक्त अभियुक्त द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

# एसपी ने प्रदेश पुलिस आरक्षी के चयनित 1034 अभ्यार्थियों के चिकित्सा परीक्षण व चरित्र सत्यापन का किया निरीक्षण


वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा के आधार पर चयन प्रक्रिया के अगले चरण में अभ्यार्थियो के श्चिकित्सा परीक्षण व चरित्र सत्यापन प्रक्रिया को निष्पक्ष रूप से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाईन स्थित परीक्षण केंद्र का भ्रमण, निरीक्षण किया गया।

इस दौरान मेडिकल परीक्षण हेतु गठित टीम के अधि, कर्मचारीगण, मेडिकल व चरित्र सत्यापन की संवीक्षा हेतु ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे एसपी द्वारा जनपद में दिनांक 22 अप्रैल से प्रारम्भ होकर दिनांक सात अप्रैल तक चलने वाली मेडिकल व चरित्र सत्यापन प्रक्रिया के निरीक्षण के दौरान गठित टीम के अधिकारी-कर्मचारीगण को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी गाइड्लाइन से अवगत कराते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तत्पश्चात मेडिकल व चरित्र सत्यापनह्न हेतु उपस्थित अभ्यर्थियों से वार्ता की गई तथा उनको बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान महोदय द्वारा अभ्यार्थियों की सुविधा हेतु बनायें गये काउन्टरों-टेबलों को चेक किया गया, अभ्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हों, यह सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# प्रोफेसर के पुत्र ने 22 वर्ष की आयु में की आईएएस की परीक्षा पास जनपद में खुशी की लहर



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर:** बुलंदशहर के तुषार सिंह 22 साल की उम्र में बने आईएएस। 385 वीं रैंक पाकर तुषार सिंह ने पहले प्रयास में क्रैक की यूपीएससी। तुषार सिंह ने सीबीएसई इंटरमीडिएट में प्राप्त किए थे 100% अंक। तुषार ने बुलंदशहर में स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल से की थी इंटरमीडिएट की पढ़ाई। बुलंदशहर के यमुना पुरम निवासी प्रोफेसर ओपी सिंह के सुपुत्र हैं तुषार सिंह उनकी इस उपलब्धि से जनपद बुलंदशहर की में खुशी की लहर बधाई देने वालों का आवास लगा तांता दूरभाष के माध्यम से भी लोग बधाई देने क्रम जारी हैं।

# ब्रजवीर सिंह ने बेटे की शादी में मिले 11 लाख रुपए लौटा कर कायम की मिसाल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। लोनी में पिता और पुत्र ने लगन सगाई के शगुन में मिले 11 लाख रुपए लौटा कर समाज में एक मिसाल कायम की है। सम्बन्धित घटना लोनी के बलराज नगर की है, जहां जनपद बागपत के हेवा गांव के रहने वाले अजीत सिंह की पुत्री काजल की शादी बलराज नगर लोनी के रहने वाले सुमित पुत्र ब्रजवीर सिंह के साथ 19 अप्रैल 2025 को होनी निश्चित हुई थी। अजीत सिंह 18 अप्रैल 2025 को लगन सगाई शगुन लेकर लड़के के बलराज नगर लोनी स्थित आवास पर पहुँचे और वर पक्ष को शगुन में 11 लाख 11 हजार एक सौ ग्यारह रुपए भेंट किये। वर के पिता ब्रजवीर सिंह और वर सुमित कुमार ने लड़की पक्ष द्वारा भेंट किये गये शगुन में से मात्र 1 रुपए को शगुन के रूप में स्वीकार कर बाकी धनराशि वापस लौटा दी। वर सुमित कुमार व उनके पिता ब्रजवीर सिंह ने स्पष्ट रूप से कहा कि हम शिक्षित है और समानता में विश्वास करते है। यदि पढ़े-लिखे लोग शादी के नाम पर पैसे लेंगे और दहेज को बढ़ावा देंगे तो यह समाज के लिए हानिकारक होगा। कहा कि काजल को उनके घर में वो सभी अधिकार मिलेंगे जो काजल को उनके पिता अजीत सिंह के यहां मिलते थे। बताया कि काजल ने एमए व बीएड किया है और वह टीचिंग की तैयारी कर रही है।

# नगर के व्यापारियों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी का किया सम्मान



**डिबाई, (बुलंदशहर):** नगर के समाजसेवी व थोक व्यापारियों ने डिबाई तहसील में जाकर पुलिस क्षेत्राधिकारी शोभित कुमार को गले में पटका पहनाकर एवं खाटू श्याम बाबा का निशान भेंट देकर उन्हें डिबाई क्षेत्र में अपनी विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने व्यापारियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा और भरोसा दिया कि अगर कोई भी परेशानी हो तो वे उनसे कभी भी संपर्क कर सकते हैं। व्यापारियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण होगा। सम्मान देने वालों में अनुभव गुप्ता, सुशील भंडारी, भुवनेश कुमार, डॉ कुलदीप शर्मा, आशीष वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

# 17 पीड़ित व्यक्तियो के खाते से साइबर फ्रॉड के माध्म से हड़पे गये 1070032/- रुपया को त्वरित कार्यवाही करते हुए कराया गया वापस

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा जनपद में साइबर अपराधों की रोकथाम व साइबर अपराधों में त्वरित कार्यवाही हेतु साइबर क्राइम थाना जनपद संतकबीरनगर प्र0नि0 आलोक सोनी, उ0नि0 अमरनाथ यादव, उ0नि0 जय प्रकाश यादव, हे0का0 हिंदे आजाद, का0 राम प्रवेश मद्धेशिया, का0 राजकुमार यादव, का0 धीरेन्द्र कुमार, का0 सौरभ यादव, का0 सतेन्द्र चौहान, म0आ0 अमृता सिंह, म0आ0 हिना गोंड ने त्वरित कार्यवाही करते हुए 17 व्यक्तियों के खाते से साइबर फ्रॉड के माध?म से निकाले गये 1070032/- रुपया वापस कराया गया है जिसमें आवेदक/पीड़ित समसुज्जमा निवासी निमावा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा 320,000/- रूपया, सीमा तिवारी निवासी कटनी थाना मेंहदावल जनपद संतकबीरनगर द्वारा 4,56000 रू0, मनीष कुमार सिंह निवासी निवासी भरवलिया बाबू थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर द्वारा 25000 रू0, महेन्द्र कुमार निवासी तुर्कवलिया थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा 53998 रू0, महिला आरक्षी दिव्या सिंह महिला थाना जनपद संतकबीरनगर द्वारा 32000रू0, अभिमन्यु निवासी डड़वा भुजैनी थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा 10000 रू0, अब्दुल वाहिद निवासी गौवापार पौली थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर द्वारा 17176 रू0, मनोज कुमार निवासी भटौरा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा 1600 रू0, अंकित गुप्ता निवासी मेंहदावल जनपद संतकबीरनगर द्वारा 62208.22 रू0, मनीराम निवासी निमांवा कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा 18000 रू0, हृदयराम चौरसिया निवासी लकाड़ी कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा 7800 रू0, रिंका प्रजापति उतरावल थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा 10000 रू0, पुष्पा मौर्या निवासी आराजी चौरी जनपद गोरखपुर द्वारा 34500 रू0, राज कुमार निवासी बंधवा थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर द्वारा 5350 रू0, प्रवीन कुमार त्रिपाठी द्वारा 12000 रू0, हसन रजा अन्सारी द्वारा 2400 रू0, मोहम्मद अल्तमस खान द्वारा 2000 रू0 साइबर फ्राड के माध्यम से कुल 1070032/- रू0 अज्ञात व्यक्ति द्वारा निकालने के संबंध में विभिन्न तिथियो में शिकायत किया गया था।

# मोदी कॉलेज में विश्व पृथ्वी दिवस पर शिक्षकों और छात्रों को किया जागरूक

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** डॉक्टर के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल के अध्यक्षता में पृथ्वी दिवस मनाया गया आज 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस यानी धरती को बचाने के प्रति आमजन को जागरूक करने का दिन। प्रधानाचार्य डॉक्टर एस सी अग्रवाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि जीवाश्म इंधनों के अति इस्तेमाल ने ग्लोबल वार्मिंग का संकट खड़ा कर दिया है आज 5 लाख करोड़ प्लास्टिक बैग 1 वर्ष में इस्तेमाल किये जा रहे हैं और 10 लाख प्लास्टिक बोतल खरीदी जाती हैं प्रति मिनट दुनिया भर में 10 करोड़ टन प्लास्टिक समुद्र में पहुंच गया है हमें बहुत सजग रहने की आवश्यकता है छात्रों को इस संकल्प दिलाया कि आप समाज में अपने परिवारों में यह पांच काम करने के लिए लोगों को जागरूक करें जल संरक्षण करना सीखें , कचरे का उचित प्रबंधन करें ।वायु प्रदूषण कम करें केमिकल के इस्तेमाल में कमी करें, बिजली के इस्तेमाल में कमी करें और ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए क्योंकि शोध में यह स्पष्ट हो गया है कि हरित क्षेत्र बढ़ाने से शहरों और कस्बों में सतह का तापमान 2 डिग्री सेल्सियस कम हो सकता है ।इंसान जन्म के बाद अपनी माता के बिना रह सकता है लेकिन पृथ्वी माता और प्राकृतिक चीजों के बिना एक क्षण भी जीवित नहीं रह सकता हम अपनी जरूरत के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बहुत तेजी से दोहन कर रहे हैं अगर इनका संरक्षण नहीं किया गया तो आने वाली पीढ़ी को पृथ्वी जीवित रहने के लिए कुछ नहीं दे पाएगी ।इस अवसर पर टीपी सिंह , विनीत कुमार, अजय कुमार ,राजीव कुमार ,तेजवीर सिंह ,कामिन सतीश कुमार अनिल कुमार मयंक कुमार का सहयोग प्रशंसनीय नहीं रहा ।प्रार्थना स्थल पर लगभग 2500 छात्र और सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पृथ्वी दिवस मनाया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के द्वारा इको क्लब के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पृथ्वी दिवस मनाया गया। सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के परिसर में पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया गया।

जिसमें कार्टून शो, पौधारोपण, वृक्षों के साथ बातचीत, वृक्षों के लिए पत्र लेखन जैसी अनेक गतिविधियों में विद्यार्थियों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ भाग लेकर पृथ्वी दिवस के महत्व को जाना तथा प्रकृति के साथ एक भावनात्मक रिश्ता कैसे निभाया जाए इस विषय में गहराई से जाना। साथ ही छात्रों ने पर्यावरण के प्रति अपने दायित्वों के विषय में जागरूकता प्राप्त की तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखने की शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर सरिता सिंधु ने अपने विचार सांझा करते हुए बताया कि अगर हम अपने आसपास के पर्यावरण एवं प्रकृति को सुरक्षित रखेंगे तो हम अपने आगामी भविष्य को भी सुरक्षित रख सकेंगे इसलिए अपने पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सभी जागरूक नागरिकों का मूलभूत कर्तव्य है। स्कूल प्रबंधक श्री तुषार गुप्ता, डॉक्टर शिखा दरबारी ने सभी छात्रों को पृथ्वी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की।

# अजय कुमार भारती बने भाकियू इंडिया के राष्ट्रीय युवा प्रदेश मीडिया प्रभारी



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** अजय कुमार भारती, भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय युवा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोनीत हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेंद्र पहलवान गुर्जर, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता संजीव राणा द्वारा गाजियाबाद के मोदीनगर निवासी पत्रकार अजय कुमार भारती को उत्तर प्रदेश का युवा प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया, जिन्हें प्रमाण पत्र देखकर बधाई दी । जो संगठन को आगे बढ़ाने में सहयोग करेंगे। अजय भारती ने बताया कि वह भारतीय किसान यूनियन इंडिया के कार्यों से इतना प्रवाहित हुए हैं कि वह उनके साथ काम करके संगठित संगठन को आगे बढ़ने का कार्य करेंगे तथा प्रचार प्रसार में सहयोग करेंगे । संगठन को मजबूत करने में पत्रकार साथियों का सहयोग मिलेगा उच्च पदाधिकारी का धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने उन्हे राष्ट्रीय युवा प्रदेश मीडिया प्रभारी बनाया। वह जन-जन गांव-गांव गली मोहल्ले में जाकर भारतीय किसान यूनियन इंडिया को मजबूत करने का कार्य करूंगे।

# लांयस क्लब मोदीनगर राईजिंग स्टार द्वारा प्रकृति दिवस पर पक्षियों हेतु जल पात्र वितरण

वेलकम इंडिया



मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )। लांयस क्लब मोदीनगर राईजिंग स्टार ने प्रकृति दिवस पर पक्षियों हेतु जलपात्र का विरण ₹प्रथम पग पब्लिक स्कूल₹ मे किया। क्लब की चार्टर अध्यक्ष लायन वर्षा गुप्ता ने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य बच्चो को प्रेरित करना था कि इस चिलचिलाती धूप मे हमे पक्षियों के लिए जल व्यवस्था करनी है, बच्चे तो कच्ची मिट्टी की भांत्ति होते है हम जिस प्रकार उन्हे संवारेगे वो उसी भांत्ति निखर जायेगे। बच्चों को हमने कहा कि आप घर के बडो के साथ छत जाइए और पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था रखिए, अकेले छत पर ना जाने का भी सख्त निर्देश दिया गया क्योकि हमारे शहर मे बंदरों की अधिकता बहुत है, साथ ही बच्चो को बताया गया कि आप चलते हुए नल को बन्द कीजिए अर्थात जल की बबार्दी को रोकिये, घर मे अनावश्यक रूप से चलते बिजली के उपकरणों को बन्द कीजिये। बच्चों को अन्न के सम्मान के लिए भी कहा गया कि खाने का सम्मान करो, बाहर का जंक फूड ना खाने का भी भी निर्देश दिया गया। क्लब की सचिव एकता अग्रवाल ने बताया कि हमारे क्लब ने इस अवसर पर छोटे बच्चो को पक्षियो हेतु जल पात्र व ज्वार के पैकेट वितरित करे गये है ।प्रथम पग की प्रधानाचार्य आंचल गुप्ता ने बताया स्कूल के द्वारा एक रैली का भी आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य आसपास के लोगो को जागृत करना था कि प्लास्टिक का उपयोग बन्द कीजिये, जल संरक्षण कीजिए, पेड पौधे लगाइए प्रकृति को हरा भरा बनाइए ।क्लब कोषाध्यक्ष कल्पना गुप्ता ने प्रथम पग पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य आंचल गुप्ता जी का क्लब की तरफ से विशेष आभार व्यक्त किया गया, स्कूल शिक्षिकाओं अंजलि, हर्षा, प्रिंयका, हंसिका, लेवी, चंचल, पलक, मुस्कान तथा प्रीति व क्लब अतिथि अर्चना गुप्ता जी का भी विन्रम आभार निवेदित किया।

# सीपी के आदेश पर यातायात पुलिस हुई सक्रिय



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** नवनियुक्त पुलिस आयुक्त जे रविन्द्र गौड़ की पहल के बाद मंगलवार को यातायात पुलिस सक्रिय नजर आई। यातायात पुलिस निरीक्षक संतोष चौहान ने लाउडस्पीकर के जरिये ऑटो चालकों को यातायात नियमों के पालन करने और ऑटो चालकों को चालक सीट के बराबर में यात्री न बैठाने की हिदायत दी। चालक सीट के अगल बगल यात्री बैठाने वाले चालकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किये जाने की चेतावनी भी दी। इसके अलावा सीपी के बिना उप निरीक्षक चालान न काटे जाने के निर्देश का भी असर दिखाई दिया। रोजाना चालान काटते हुए देखे जाने वाले सिपाही आज यातायात व्यवस्था बनाते दिखाई दिए।

# एनवायरमेंट क्लब गाजियाबाद ने केंद्रीय विद्यालय मुरादनगर में मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** एनवायरमेंट क्लब गाजियाबाद द्वारा पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, मुरादनगर गाजियाबाद में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय संस्था अर्थ डे नेटवर्क भी सहयोगी रही। जिसमें छात्र छात्राओं को धरा के संरक्षण हेतु जागरूक किया गया और दैनिक गतिविधियों में कैसे अपने ग्रह को बचाने के प्रयास किए जा सकते हैं यह समझाया गया। क्लब के सह समन्वयक उत्कर्ष शर्मा ने विश्व पृथ्वी दिवस का सार समझाया। क्लब संस्थापक सावन कनौजिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज विश्व पृथ्वी दिवस मनाने मात्र से ही काम नहीं चलेगा बल्कि हमें दैनिक गतिविधियों में जल संरक्षण, प्लास्टिक प्रयोग ना करने, पेड़ पौधों को लगाना व उनका ध्यान रखना, प्रदूषण न करने, बेवजह चलने वाले विद्युत उपकरण को बंद करने, नदियों को स्वच्छ रखने आदि का संकल्प लेना होगा। विद्यालय प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने छात्रों को पृथ्वी संरक्षण की शपथ दिलायी। कार्यक्रम के अंत में क्लब टीम ने छात्रों के साथ विद्यालय प्रांगण में सांकेतिक पौधरोपण भी किया। आज इस दौरान क्लब संस्थापक सावन कनौजिया, विद्यालय प्रधानाचार्य श्री मनोज कुमार, उपप्रधानाचार्य स्वीटी जैन, एनसीसी अधिकारी अनुराग गुप्ता, क्लब के समन्वयक मनीष राठौर, उत्कर्ष शर्मा, कशिश त्यागी, परवेज खान, लक्ष्य निचंत, यश शर्मा, स्वाति कौशिक, सुषमा अहलावत आदि मौजूद रहे।

# नहर के पानी से किसानो की लाखों रुपए की फसल हुई बर्बाद

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर :** क्षेत्र के ग्राम धौलागढ़ की नहर टूटने से मची तबाही किसानो का सैकड़ो बीघा गेहूं और गन्ने कि फसल हुयी बर्बाद। धौलागढ़, नूरपुर व हुकूमतपुर के किसानों का गेहूं व गन्ने की फसल हुई बर्बाद। नहर रात करीब 8 बजे टूट गई नहर के पानी से किसानो का लाखों रुपए का हुआ नुकसान पीड़ित किसानो की. कटी हुई गेहूं की फसल बाहर निकाल जलभराव से दूर लेजाकर सुखा रहे हैं जबकि खतरे में खड़ी फसल के पानी सूखने का इंतजार कर रहे हैं और सिंचाई विभाग की लापरवाही से किसान हो रहे है बर्बाद तीन दिन में दो बार टूट रही है नहर किसानों का नुकसान होने पर भी अधिकारी नहीं ले रहे किसनो की खबर किसानो का कहना है कि अगर नहर कि पटरी मजबूत नहीं कि गयी किसान करेंगे धरना किसान कर रहे हैं शासन से मुआवजा की मांग किसान कावेन्द्र सिंह यादव का कहना है अबकी बार नहर टूटी तो मे आत्महतिया कर लुगा इसका जिम्मेदार सिंचाई विभाग होगा नहर टूटने पर किसान विक्रम सिंह विजेंद्र सिंह प्रधान दीपक सिंह यशपाल सिंह, शीशपाल सिंह, गजेंद्र सिंह, विकास सिंह, विपुल सिंह, अशोक, जसवंत सिंह, अरबिंद सिंह, लोकेंद्र सिंह, कावेन्द्र सिंह बंटी सिंह जगदीश सिंह, प्रमोद कुमार आदि किसानों का नुकसान हुआ है।

# गागलहेड़ी पुलिस की साइबर टीम को मिली शानदार उपलब्धि चार पीड़ितों के खातों में 33299 रुपए कराये वापस पीड़ितों ने गागलहेड़ी पुलिस के प्रति किया आभार प्रकट

वेलकम इंडिया



**सहारनपुर।** थाना गागलहेडी की साइबर हेल्प डेस्क टीम ने साइबर ठगी के शिकार चार पीड़ितों के खातों में कुल 33,299 रुपये की शत-प्रतिशत धनराशि वापस कराने में सफलता हासिल की है - यह कार्रवाई साइबर अपराध रोकथाम और ठगी की रकम वापसी के अभियान के तहत की गई है - 20 मार्च 2025 को विकास कुमार (4,500 रुपये), 18 फरवरी 2025 को अहतेश्याम (10,000 रुपये), 15 अप्रैल 2025 को वासिफ (18,000 रुपये), और 10 फरवरी 2025 को युनूस खान (799 रुपये) ने साइबर ठगी की शिकायत दर्ज की थी - इन शिकायतों को ऑनलाइन साइबर पोर्टल पर पंजीकृत कर त्वरित कार्रवाई की गई गागलहेडी थानाध्यक्ष सुरेश कुमार के नेतृत्व में साइबर टीम ने प्रभावी कार्यवाही कर पीड़ितों को उनकी पूरी रकम वापस दिलाई साइबर टीम में थानाध्यक्ष सुरेश कुमार, उपनिरीक्षक प्रवेश शर्मा, कम्प्यूटर ऑपरेटर सन्नी सोम और कांस्टेबल नवीन राठी शामिल रहे पीड़ितों ने गागलहेडी साइबर टीम और सहारनपुर पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया ।

# यूनिवर्सल एकेडमी के विद्यार्थियों ने साइंस ओलिंपियाड तथा सिल्वर जोन ओलंपियाड परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर :** यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर के विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय अंग्रेजी ओलिंपियाड, मैथ्स ओलिंपियाड व राष्ट्रीय साइंस ओलंपियाड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। परीक्षा का आयोजन मिस्टर मुकुल, मिस्टर अरविंद, मिस्टर सूरज, मिस्टर अभिलाष, कविता शर्मा एवं ज्योति अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया। अंग्रेजी, साइंस व मैथ्स ओलंपियाड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थियों ने गोल्ड, सिल्वर, ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया ।उन्होंने अपने माता-पिता के साथ-साथ पूरे विद्यालय को गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान किया गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले विद्यार्थी क्रमश भूमि, अरनव, तृषा डबास, अभिषेक, नैतिक ने गणित ओलिंपियाड में जसप्रीत सिंह ने साइंस ओलंपियाड में तथा सारा ने इंग्लिश ओलिंपियाड में गोल्ड मेडल प्राप्त किया ।सिल्वर मेडल व प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले विद्यार्थी क्रमशः अननया, ,अनिरुद्ध देशवाल रहे। ब्राउन मेडल व प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले विद्यार्थी क्रमशः काव्य सैनी कार्तिक आराध्या चंद्र रहे। विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए स्कूल प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें स्कूल पाठ्यक्रम के साथ-साथ इस प्रकार की परीक्षा में भाग लेते रहना चाहिए क्योंकि इससे न केवल हमें अतिरिक्त ज्ञान प्राप्त होता है बल्कि ऐसी परीक्षाओं से बहुत अनुभव होता है। इइस अवसर पर उप प्रधानाचार्य खुशबू कर्णवाल ने भी विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर सबको शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा इस तरह की परीक्षाएं होने से बच्चों में ज्ञान का विकास होता है।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर जागरूकता रैली एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर।** विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में मुरादाबाद रोड स्थित वी एस एम एकेडमी में एक विशेष जागरूकता रैली एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका नूरपुर के अधिशासी अधिकारी संतोष मिश्रा एवं विद्यालय के प्रबंधक अशोक चौधरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली मोरादाबाद रोड स्थित विद्यालय से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर निकाली गई। इस रैली का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण, जल बचाव, पृथ्वी को सुरक्षित रखने, और अधिक से अधिक वृक्षारोपण जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक करना था। विद्यार्थियों ने रैली में उत्साहपूर्वक भाग लिया। उनके द्वारा तैयार किए गए रचनात्मक पोस्टर, स्लोगन कार्ड और बैनर ने आम जनता का ध्यान आकर्षित किया और पूरे नगर में पर्यावरण के प्रति एक सकारात्मक संदेश प्रसारित किया। रैली को नगर वासियों द्वारा सराहना मिली और उन्होंने विद्यालय की इस पहल की खुले दिल से प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए और पृथ्वी के संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य हिमांशु चौधरी ने कहा कि जन जागरूकता हेतु ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर विद्यालय द्वारा आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि विद्यार्थी स्वयं जागरूक बनें और समाज को भी जागरूक करें। रैली एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्य हिमांशु चौधरी सहित विनीता चौधरी, अंकित पांडेय, दिव्यांश, अतर सिंह, रॉबिन त्यागी, संदीप कुमार, शकील अहमद, नीरज कुमार, कामेंद्र सिंह, विवेकानंद, पुष्पेंद्र कुमार, नितिन कुमार, सीमा रानी, निर्देश देवी, दीपिका, तरुणा राजपूत, चेतना राजपूत, दीमांशु, किरण राजपूत, शीतल, सोनी राजपूत, मोनिका, पायल, हिमांशी, प्रियांशी, अमरजीत कौर, जन्नत, आयशा सिद्दीकी, कंचन, शाज़िया, प्रीति और हर्ष शर्मा आदि अध्यापकों का सराहनीय योगदान रहा।

# एनएच-9 से तिगरी गोल चक्कर तक का होगा सौन्दर्यकरण

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** शहर को सुंदर बनाने, नगर निगम की भूमि बचाने और नगर निगम की आय बढ़ाने के लिए महापौर सुनीता दयाल द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। महापौर स्वम नगर आयुक्त व अन्य अधिकारियों के साथ क्षेत्र में उपस्थित रहती हैं जिसके परिणाम भी सामने आ रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को महापौर ने मुख्य अभियंता एनके चौधरी की टीम के साथ विजय नगर स्थित तिगरी गोल चक्कर, पुराने शहर में और पटेल मार्ग रोहन मोटर्स के सामने निगम की भूमि का निरीक्षण किया। विजय नगर एनएच 9 से तिगरी गोल चक्कर तक के रोड के दोनों तरफ में सौन्दर्यकरण किया जाएगा। जिसमे सड़क, ग्रीन बेल्ट, और साज सज्जा हेतु कार्य किया जाना है। जिससे शहर में प्रवेश करते समय सुंदर शहर दिखाई पड़े, जिससे गाजियाबाद शहर के प्रति अच्छा संदेश भी मिलेगा। उपरोक्त कार्य की रूप रेखा नक्शे पर तैयार करली गयी है और जल्द ही कार्य योजना के साथ कार्य भी किया जाएगा। पटेल मार्ग स्थित रोहन मोटर्स के सामने नगर निगम की रिक्त भूमि है। जिसपर नगर निगम कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाने की तैयारियां कर रहा है। निरीक्षण में आज कॉम्प्लेक्स बनाने की भूमिका भी तैयार की जाएगी, जिससे नगर निगम की आय में वृद्धि होगी और शहरवासियों को व्यापार करने के लिए स्थान मिलेगा। विजय नगर तिगरी गोल चक्कर पर महापौर ने देखा कि कुछ समय पहले जो अतिक्रमण हटाकर भूमि मुक्त की गई थी वह फिर कब्जा हो गया है। जिसको लेकर सम्पत्ति के अधिकारियों को वही से फोन वार्ता की और उनको बताया कि अगर यहाँ दोबारा कब्जा हो गया है तो आप क्या कर रहे थे, आपकी जिम्मेदारी है कब्जा हटवाने की, आप जल्द कब्जा हटवाए और अपनी भूमि की देख रेख भी रोजाना करें। महापौर द्वारा बताया गया कि शहर को सुंदर बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिसमे सभी की भूमिका अहम है। शहर के प्रति प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह अपना शहर साफ रखें, गंदगी न होने दे। जिस प्रकार शहर को साफ स्वच्छ रखने का कार्य किया जा रहा है। जिसमे जनता के सहयोग की भी आवश्यक रहेगी और नगर निगम की आय बढ़ाने के लिए पूर्व में भी कार्य किया गया है और लगातार आगे भी किया जाएगा।

# मुरादनगर के प्राथमिक विद्यालय खुर्रमपुर प्रथम में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** मुरादनगर के प्राथमिक विद्यालय खुर्रमपुर प्रथम में मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी त्यागी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए विद्यालय में ईको क्लब का गठन किया गया है। जिसमें बच्चे समय-समय पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के लिए विभिन्न गतिविधियां करते रहते हैं। विश्व पृथ्वी दिवस पर विद्यालय में बहुत सारी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को पृथ्वी के संरक्षण का संदेश दिया गया। सर्वप्रथम शिक्षकों व बच्चों द्वारा धरती को बचाने की शपथ ली गई। बच्चों द्वारा हस्तनिर्मित प्लांटर बनाकर उनमें पोधे रोपे गए। शिक्षकों व बच्चों द्वारा धरती को हरा भरा कर उसे बचाने का संकल्प लिया गया। पर्यावरण संरक्षण के विषय पर बच्चों को चित्रकला, कपड़े के थैलों पर चित्रकारी, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, समूह गान, पौधारोपण आदि अनेकों गतिविधियां कराई गईं। बच्चों को विद्यालय प्रांगण में लगे विभिन्न पौधों के विषय में क्यू आर कोड के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी गई। इस प्रकार शिक्षको द्वारा विद्यालय के प्रांगण में लगे पौधों की विस्तृत जानकारी हेतु क्यू आर कोड को जनरेट कर प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए हस्त निर्मित पृथ्वी हेंड बैंड और मैडल भी बनाए गए थे। अपने अपने अंदाज में सभी शिक्षकों व बच्चों ने जल संरक्षण, प्लास्टिक का प्रयोग निषेध, स्वच्छता अपनाने, प्रदूषण को कम करने आदि के साथ साथ पृथ्वी को बचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी त्यागी, अर्चना यादव, रेणुका, नवीन कुमार, उज्ज्वल व एआरपी मुरादनगर मीनाक्षी यादव उपस्थित रहे।

## ई-रिक्शा में सफर बनी साजिश, महिला का लाखों के जेवरों से भरा बैग चोरी

**गाजियाबाद।** सवारी के रूप में सफर कर रही एक महिला उस वक्त हैरान रह गई जब मायके पहुँचने पर उसके बैग से लाखों रुपये के गहने गायब मिले। घटना सिहानी गेट थाना क्षेत्र की है, जहाँ मुरादनगर की डिफेंस कॉलोनी निवासी अंजली ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। 5 अप्रैल को दोपहर लगभग डेढ़ बजे अंजली अपने दो बच्चों के साथ ससुराल से मायके बिसरख के लिए रवाना हुई थीं। पुराना बस अड्डा स्थित संतोष हॉस्पिटल के पास से उन्होंने ई–रिक्शा पकड़ा। रिक्शा में अन्य सवारियां भी थीं, जो लालकुआं पर उतर गईं। अंजली अपने बच्चों को लेकर बिसरख पहुँची और फिर अपने परिजनों के साथ घर चली गईं। घर पहुँचने पर जब उन्होंने बैग की चेन खोलनी चाही, तो वह नहीं खुली। जब चेन को तोड़कर बैग खोला गया, तो उसमें रखी अंगूठी, गले की चेन, कंठी, मंगलसूत्र सहित अन्य जेवर गायब मिले। महिला को शक है कि यह चोरी ई–रिक्शा में यात्रा के दौरान हुई। 19 अप्रैल को अंजली ने सिहानी गेट थाने में शिकायत दी। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। चोरों की तलाश जारी है।

## महिला से वर्क फ्रॉम होम के नाम पर 2.42 लाख रुपये की ठगी

गाजियाबाद। टीला मोड़ थानाक्षेत्र में रहने वाली महिला से वर्क फ्रॉम होम के नाम पर 2.42 लाख रुपये की ठगी हुई है। साढ़े 43 हजार रुपये जमा करा 67 हजार रुपये का रिटर्न भी दिया। इसके बाद 2.42 लाख रुपये ठग लिए। तीन माह पुराने मामले में सोमवार को रिपोर्ट दर्ज हुई है। ऑक्सी होम्ज सोसाइटी में रहने वाली भूमिका दत्त को तीन माह पहले व्हाट्सएप पर मैसेज मिला, जिसमें घर बैठे ऑनलाइन काम करके मोटे मुनाफे की बात लिखी थी। शुरूआत में लाइक और रिव्यू करवाए और उन्हें 12,372 रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद एक साइट पर उनका खाता बनाया और 10 हजार रुपये का निवेश कराया। इसके बदले 14,372 रुपये वालेट में आए और यह रकम उनके खाते में भी ट्रांसफर हो गई। दूसरी बार में 33,487 रुपये निवेश कराए और 41,646 लौटा दिए। इसके बाद फिर से 10 हजार रुपये निवेश कराए और यह रकम वालेट में ट्रांसफर नहीं हुई। इसके बाद कई बार में 2.42 लाख रुपये जमा करा लिए। इसके बाद भी जालसाज पैसे मांगते रहे, जिसके चलते उन्हें ठगी का अंदेशा हुआ। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि साइबर सेल की जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पड़ोसियों ने महिला पर घर में घुसकर किया हमला

**गाजियाबाद।** टीला मोड़ थानाक्षेत्र में पड़ोसियों ने कहासुनी के बाद महिला पर घर में घुसकर हमला कर दिया। उनके बेटे ने बचाने का प्रयास किया तो उसे चाकू मार दिया। 20 अप्रैल की रात 10 बजे की वारदात में सोमवार को रिपोर्ट दर्ज की गई है। विक्रम एंक्लेव निवासी मुकीम 20 अप्रैल की रात 10 बजे वह घर पहुंचे तो पड़ोसी उनकी मां से मारपीट कर रहे थे। उन्होंने शोर मचाकर मां को बचाने का प्रयास किया तो हमलावर आकिल, अली शेर, गुड्डू, बब्बू, आकिल की पत्नी गुलबहार, अली शेर का पुत्र मोहसिन, आकिल की बहन व भांजे समेत 10–15 लोगों ने उन्हें पीटना शुरू कर दिया। इसी दौरान आकिल ने उन पर चाकू से वार किया। बचने के प्रयास में चाकू उनके बायें हाथ की अंगुली पर लगा, जिससे अंगुली कट गई। मोहसिन ने पत्थर मारकर सिर फोड़ दिया। इसी बीच शोर सुनकर आसपास के लोग आए तो हमलावर हत्या की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित के मुताबिक पड़ोसी आए दिन छोटी–छोटी बातों को लेकर झगड़ा करते हैं। 20 अप्रैल को कहासुनी के बाद उनकी मां को अकेला पाकर हमला कर दिया था। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि केस दर्ज कर लिया है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने की जनसुनवाई शिकायत का होगा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** आमजन की समस्याओं के निस्तारण के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय पर जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान पारिवारिक, राजस्व, नगर निगम, जीडीए, विद्युत विभाग, पीडब्लूडी, पुलिस विभाग, जल निगम, प्रदूषण सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर समस्या का समयान्तराल में पूर्ण गुणवत्ता से निस्तारण किया जाये। उन्होने शिकायतकताओं को आश्वस्त किया कि उनकी हर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जायेगा। बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप से जनपदवासियों व यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में जगह-जगह ठंडे पेयजल की व्यवस्था करना, प्रदूषण व गर्मी से रोकथाम के लिए सड़कों पर जल छिड़काव सहित गर्मी/लू से बचाव के लिए जन-जागरूकता फैलाई जाएं। स्वास्थ्य विभाग युद्धस्तर पर अपनी तैयारी रखें। उन्होंने कहा कि गर्मी/लू से बचाव के लिए प्रत्येक स्तर पर हर सम्भव प्रयास किया जाये। जनसुनवाई के दौरान एडीएम ई रणविजय सिंह, एडीएम जे अंजुम बी. उपस्थित रहे।

## दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर खड़ी कार में मारी टक्कर, दो कारों में लगी आग

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** क्रॉसिंग थाना क्षेत्र में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो लोगों और एक जानवर की मौत हो गई, जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में दो कारों की टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई, जिससे स्थिति और भयावह हो गई।

पुलिस के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब एक सवारियों से भरी इको कार एक्सप्रेसवे पर खड़ी थी और उसकी स्टेपनी बदली जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रही एक सेलेरियो कार ने इको कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों कारों में तुरंत आग लग गई। आग की चपेट में आने से इको कार में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक जानवर भी इस हादसे का शिकार बना। हादसे में सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। क्रॉसिंग थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही हादसे का कारण प्रतीत हो रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हादसे की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। घायलों का इलाज जारी है, और मृतकों की पहचान की प्रक्रिया चल रही है। यह हादसा सड़क सुरक्षा और वाहन चालकों की सावधानी की आवश्यकता को एक बार फिर रेखांकित करता है।

# यशोदा हॉस्पिटल के मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट ने रचा इतिहास

**वेलकम इंडिया**




**गाजियाबाद।** चिकित्सा जगत में एक ऐतिहासिक पहल हुई है, यशोदा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड कैंसर इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ सलाहकार, मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. (लेफ्टिनेंट कर्नल) ब्रह्मजीत सिंह ने दुनिया की पहली ऐसी प्रक्रिया विकसित की है, जो स्तन कैंसर की शुरूआती पहचान में जीवनसाथियों की भूमिका को केंद्र में लाती है। इस नई और अनोखी विधि को ब्रह्मस प्रोटोकॉल नाम दिया गया है। यह पहली बार है जब किसी चिकित्सा प्रक्रिया ने पति-पत्नी को एक-दूसरे की देखभाल में केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि चिकित्सीय रूप से भी सशक्त बनाया है। जहां पारंपरिक तरीके जैसे स्व-परीक्षण अक्सर विफल रहे, वहीं ब्रह्मस प्रोटोकॉल न केवल समय रहते पहचान की क्षमता बढ़ाता है, बल्कि प्रेम, सजगता और जिम्मेदारी को एक सूत्र में बाँधकर एक नई स्वास्थ्य क्रांति की शुरूआत करता है। हर दिन 1800 से अधिक महिलाएं स्तन कैंसर के कारण दम तोड़ देती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 2023 में 23 लाख महिलाओं को स्तन कैंसर का पता चला, जिनमें से 6.7 लाख महिलाओं की मृत्यु हो गई। भारत में यह स्थिति और भी गंभीर है। 25 प्रतिशत मामले 50 वर्ष से कम उम्र की महिलाओं में पाए गए हैं, जो आने वाले समय में एक बड़े संकट का संकेत है।

# आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण कार्य का उद्घाटन

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** विकासखंड मुरादनगर की ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर कदीम में मंगलवार को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण कार्य का उद्घाटन मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र विधायक डॉ मंजू शिवाच एवं मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने किया। इस मौके पर उन्होंने आशा व्यक्त की कि आंगनवाड़ी के द्वारा बच्चों के पालन पोषण एवं उनकी शिक्षा में महत्वपूर्ण बदलाव होगा। कार्यक्रम के पश्चात मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने आंगनबाड़ी केंद्र में बाल मैत्री विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा प्राइमरी एवं कंपोजिट विद्यालय के मरम्मत, संदर्यीकरण अधिकारी के लिए डाबर इंडिया के सीएसआर प्रमुख व्यास आनंद को अनुरोध कर उक्त ग्राम पंचायत को गोद लेने का अनुरोध किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत को पीएम सूर्य घर बिजली योजना से आच्छादित किए जाने हेतु सभी ग्राम वासियों को जानकारी दी और उत्सुक ग्राम वासियों को प्राथमिकता के आधार पर अपने घरों की छत पर रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित किए जाने हेतु अनुरोध गया। ग्राम प्रधान एवं ग्राम वासियों द्वारा पीएम सूर्य घर बिजली योजना के क्रियांवन में अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज कल्याण अधिकारी विकास, खंड विकास अधिकारी मुरादनगर, बाल विकास परियोजना अधिकारी मुरादनगर एवं अन्य विकास खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनपद में आंगनवाड़ी कार्यक्रम के द्वारा हजारों बच्चों को मिड डे मील और शिक्षा सहित अन्य चीज महिया कराई जा रही हैं जिसके चलते निम्न वर्ग के जीवन स्तर में काफी बदलाव आया है।

# नालियों में गोबर बहाने तथा गंदगी फैलाने पर 15 अवैध डेरियों पर कार्यवाही, 7.50 लाख का जुमार्ना

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा अवैध डेरियों पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। जिसके क्रम में मोहन नगर जोन में मंगलवार को बड़ी कार्यवाही विभाग द्वारा की गई। एक साथ 15 अवैध डेरी पर अभियान चलाया गया। जिसमें लगभग 7 लाख 50 हजार रुपये का जुमार्ना भी वसूला गया। अभियान के दौरान पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ आशीष त्रिपाठी, जोनल प्रभारी मोहन नगर, प्रवर्तन दल टीम भी उपस्थित रही। उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉक्टर अनुज कुमार सिंह ने बताया कि नाले में गोबर बहाने तथा गंदगी फैलाने की शिकायत पसोंडा क्षेत्र से लगातार प्राप्त हो रही थी। जिस पर दिनांक निर्धारित करते हुए अभियान चलाया गया। मौके पर लगभग 100 पशुओं को पकड़ा गया, जिसमें नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अवैध डेयरी चलाने वालों पर जुमार्ना वसूलने की कार्यवाही भी की गई। इसके अलावा 10 के स्टांप पेपर पर एक माह के भीतर डेरी हटाने का शपथ पत्र भी दिया गया। महापौर तथा नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम में शहर में लगातार अभियान जारी है। जिसको दिनांक निर्धारित करते हुए नियम अनुसार कराया जा रहा है। महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा शहर की स्वच्छता को बेहतर बनाए रखने के लिए निरंतर कार्यवाही चल रही है।

# नगर आयुक्त ने 10 दिन में सीवर तथा पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के दिए सख्त निर्देश

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा नगर निगम मुख्यालय पर शहर की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना तथा सीवर समस्या के समाधान हेतु जलकल विभाग, जल निगम तथा वाबेग टीम के साथ संयुक्त रूप से बैठक की गई। सभी उपस्थित संबंधित अधिकारियों को संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए 10 दिन के भीतर बेहतर रिजल्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। मौके पर महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, सहायक अभियंता जलकल आश, अधिशासी अभियंता जल निगम संजय कुमार अधिशासी अभियंता जल निगम अरुण प्रताप व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त द्वारा बैठक के दौरान सभी उपस्थित अधिकारियों से बड़े-बड़े प्रत्येक वार्ड में चल रही कार्यवाही के बारे में जानकारी ली गई। साथ ही कार्यों को रफ्तार देने के लिए कहा गया। पार्षदों तथा जन प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करते हुए क्षेत्र में कार्यवाही को तेजी से करने तथा चल रहे कार्यों की मॉनिटरिंग प्रबल करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में सीवर संबंधित समस्याओं के समाधान पर भी चर्चा की गई। वाबेग कंपनी के पुराने प्रोजेक्ट मैनेजर को हटाते हुए नए प्रोजेक्ट मैनेजर को गाजियाबाद में लाया गया तथा सीवर समस्या के समाधान हेतु योजना बनाते हुए 10 दिन के भीतर बेहतर रिजल्ट प्रस्तुत करने के लिए नए प्रोजेक्ट मैनेजर वाबेग अनुज त्रिपाठी को निर्देशित किया गया। जोन वार सभी वाबेग की टीम से चल रहे कार्यों में सरलता लाने तथा तेजी से समस्याओं के समाधान पर निर्देश दिए। नगर आयुक्त द्वारा मुख्य रूप से जल निगम अधिकारियों को विजयनगर क्षेत्र में गंगाजल की कार्यवाही को तेज करने के लिए निर्देशित किया गया।